दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





करण जौहर ने वॉर फिल्मों से......

हॉलीवुड का रूख करेंगी ........

वर्ष : 10 अंक : 230 लखनऊ, 30 जुलाई, मंगलवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# सीएम योगी ने कांवड़ यात्रियों से की अपील

## आत्म-अनुशासन के बिना कोई पूजा संभव नहीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। 22 जुलाई को सावन के पहले सोमवार के अवसर पर देश भर में बड़ी संख्या में भक्तों ने अपनी कांवर यात्रा शुरू की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे विश्व में विख्यात भगवान शिव का पवित्र सावन महीना देश में शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का शुभ महीना सावन शुरू हो चुका है। सावन माह की कांवर यात्रा तो पूरी दुनिया जानती है। भगवान शिव के भक्त देश भर में शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा समुचित व्यवस्था की गयी है।उन्होंने भक्तों से आत्म-अनुशासन सुनिश्चित करने की भी अपील की।उन्होंने कहा कि उनकी सुरक्षित और संरक्षित यात्रा के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा उचित व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई समस्या न हो। भगवान शिव की कृपा हम पर सदैव बनी रहती है। आत्म-अनुशासन के बिना इनमें से कुछ भी संभव नहीं है। इस यात्रा को पूरा करने के लिए व्यक्ति में समर्पण और अनुशासन होना जरूरी है।

योगी ने आगे कहा कि हम देख रहे हैं कि न केवल सरकार बल्कि विभिन्न समाजों के लोग भी भगवान शिव के प्रति पूरी आस्था के साथ यात्रा में शामिल हैं।सरकार ने सभी श्रद्धालुओं के लिए ड्रोन, कैमरे और सुरक्षा की व्यवस्था की है। उनके रहने और खाने की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मैं भक्तों से अपील करता हूं कि वे समर्पण के साथ यात्रा का आनंद लें और अपनी कांवर यात्रा पूरी करें। मैं सभी श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित यात्रा की प्रार्थना करता हूं।

सावन का पवित्र महीना आम तौर पर जुलाई और अगस्त के बीच आता है और यह विनाश और परिवर्तन के देवता को समर्पित पूजा, उपवास और तीर्थयात्रा की अवधि का प्रतीक है।सावन हिंदू पौराणिक कथाओं में एक विशेष स्थान रखता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस महीने में भगवान शिव ने समुद्र मंथन (समुद्र मंथन) से निकले जहर का सेवन किया था, जिससे ब्रह्मांड को इसके विषाक्त प्रभाव से बचाया गया था। इस अवधि के दौरान भक्त भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए उपवास करते हैं और प्रार्थना करते हैं। सावन की ठंडी बारिश शिव की करुणा और परोपकार का प्रतीक है।

## सरकार सदन में जनता से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा के लिये तैयार : सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र में सरकार विधायकों द्वारा राज्य के विकास और लोगों की समस्याओं पर उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा के लिए तैयार है।मुख्यमंत्री ने सत्र शुरू होने से पहले विधानभवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि राज्य का बजट फरवरी में पारित हो चुका है और मानसून सत्र में प्रदेश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार सदन में अनुपूरक मांगें पेश करेगी।उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश देश में उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी जगह बना चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले सात वर्षों में राज्य ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं।सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए विपक्ष से सहयोग मांगते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के विकास के लिए वह सभी का सहयोग चाहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि विपक्षी सदस्य सदन में रचनात्मक मुद्दे उठाएंगे और राज्य के विकास और लोगों की समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे।सरकार उनके मुद्दों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने कहा, सदन को ऐसी चचाओं का मंच बनना चाहिए और सरकार इसका जवाब देने के लिए वहां मौजूद रहेगी।

## देश विरोधी ताकतों का अड्डा बन गये हैं यूपी के जन सुविधा केन्द्र

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जन सुविधा केन्द्र अराजकता के अड्डे बनते जा रहे हैं।इन पर सरकारी नियंत्रण नहीं के बराबर नजर आता है। इनके कामकाज की कभी समीक्षा भी नहीं होती है,जिसके चलते यह खूब मनमानी और फजीर्बाड़ा करते रहते हैं। नकली जन्म प्रमाण पत्र से लेकर फर्जी आधार कार्ड, दिव्यांगों, वृद्धजनों, विधवा पेंशन जैसे तमाम सरकारी योजनाओं का फार्म भराने, सब में यहां धांधली का बोलबाला रहता है। आज भले ही यूपी के रायबरेली जनपद का सलोन कस्बा अवैध जन्म प्रमाण पत्र बनाने का केन्द्र बनने के कारण सुर्खियां बटोर रहा हो, लेकिन यूपी में ऐसे कई ह्यसलोन कस्बेह्न हैं जिन पर आज तक किसी का ध्यान नहीं गया है। यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि बड़ी संख्या में जन सुविधा केन्द्र राष्ट्र विरोधी कृत्यों का ठिकाना बने हुए हैं।

रायबरेली के सलोन कस्बे में दूसरे प्रांतों से आए लोगों का फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने का मामला न सिर्फ गंभीर है बलिक आंतरिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है। जिस कस्बे की आबादी ही लगभग 20 हजार हो वहां एक ग्राम विकास अधिकारी की आइडी से 19 हजार से अधिक जन्म प्रमाणपत्र बना दिए गए और किसी का इस ओर ध्यान ही नहीं गया। अब यह मामला सामने आया है। चैंकाने वाली बात यह भी है कि कुछ को छोड़कर सब के सब जन्म प्रमाण पत्र बांग्लादेश और रोहिंग्या मुसलमान के बनाये गये हैं। खास बात यह है कि यह सब थे तो घुसपैठिये मुसलमान लेकिन इनका जन्म प्रमाण पत्र हिन्दू नामों से बनाया गया था। ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) की मिलीभगत से बनाए गए इन फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र के मामले में जो सनसनीखेज तथ्य सामने आ रहे हैं उसके अनुसार कुल बने 19,184 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्रों में अधिसंख्य हिंदू नामों से बनाये गये थे और न ही इनका मोबाइल नंबर था। इस बात की प्रबल संभावना है कि बांग्लादेशी व रोहिंग्या हिंदू नामों से यहां की नागरिकता हथियाने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85

## राजस्थान में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े: गहलोत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को आरोप लगाया कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के बाद से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े हैं तथा मुख्यमंत्री को इन मामलों का संज्ञान लेकर दलितों एवं आदिवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।शेरगढ़ में हुई एक घटना की खबर साझा करते हुए गहलोत ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर कहा, राजस्थान में हमारी सरकार के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की जाती थी एवं पुलिस हमेशा पीड़ित पक्ष के साथ मजबूती से खड़ी दिखती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बदलने के बाद से ही प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के खिलाफ अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि दलितों एवं आदिवासियों के विरुद्ध अपराधों में दिसंबर 2023 की तुलना में 2024 के जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई और जून में क्रमशः 32.7 फीसदी, 33.7 प्रतिशत, 34.1 फीसदी, 19.5 प्रतिशत, 62.5 फीसदी एवं 53.37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। गहलोत ने कहा कि जोधपुर की यह घटना दिखाती है कि दलितों के खिलाफ अत्याचारों पर सरकार और पुलिस का कोई ध्यान नहीं है।

## संसद में उठा दिल्ली में 3 छात्रों की मौत का मुद्दा, राहुल गांधी का सरकार पर वार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, संसद का मानसून सत्र चल रहा है।विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय बजट 2024 पर निचले सदन को संबोधित किया। 18वीं लोकसभा के पहले बजट सत्र का पहला दिन 22 जुलाई को संसद में शुरू हुआ। इस बीच, उच्च सदन में दिल्ली में कोचिंग संस्थान में छात्रों की दुखद मौत पर चर्चा हुई। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कोचिंग के व्यवसायीकरण पर चिंता जताते हुए राजधानी दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों की मौत के मुद्दे पर उच्च सदन में अल्पकालिक चर्चा को मंजूरी दी।लोकसभा में भी कई सदस्यों ने इस बात को उठाई।सत्र में 16 बैठकें होनी हैं और 12 अगस्त को समाप्त होने की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपना सातवां लगातार बजट पेश किया।

लोकसभा की कार्यवाही

- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र सरकार पर हिंदुस्तान को अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह में फंसाने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) इस चक्रव्यूह को तोड़ेगा। उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह दावा भी किया कि इस बजट में चंद पूंजीपतियों के एकाधिकार और लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने वाले राजनीतिक एकाधिकार को मबजूती प्रदान की गई है, जबकि युवाओं, किसानों तथा मध्य वर्ग को नजरअंदाज कर दिया गया है।

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वक्तव्य का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने का प्रयास किया और बजट पर भ्रांति पैदा की है।

- केंद्रीय मंत्री और अपना दल (एस) की प्रमुख अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को कहा कि विपक्ष का यह दावा मुंगेरीलाल का हसीन सपना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार गिर जाएगी।

- उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद ने अयोध्या में जमीन में खरीद में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सांसदों की एक समिति भेजकर जांच कराने की मांग सोमवार को निचले सदन में उठाई।

- कांग्रेस समेत विपक्ष पर केवल नकारात्मक और छल कपट की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट में अवसंरचना के लिए किए गए प्रावधान ने देश के विकास की राह को प्रशस्त किया है।

**संक्षिप्त समाचार**

### सदन में बैठे-बैठे बोलने वाले सदस्यों की बात का संज्ञान नहीं लें मंत्री: ओम बिरला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन में कहा कि मंत्रियों को उन सदस्यों की बात का संज्ञान बिल्कुल नहीं लेना चाहिए जो अपने स्थान पर बैठे-बैठे बोलते हैं।उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान यह टिप्पणी उस समय की जब श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया अपने मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। बिरला ने कहा, मंत्री जी, जो सदस्य बैठे-बैठे बोलते हैं, उनका नोटिस भी मत लीजिए। आप अध्यक्ष की तरफ देखकर बोलें।

## राहुल गांधी पर राजनाथ का पलटवार

### अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने की हो रही कोशिश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के एक बयान पर कड़ी आपत्ति जताई, जहां गांधी ने दावा किया था कि युवाओं को अग्निवीर चक्रव्यूह में फंसा दिया गया है और सरकार ने अग्निवीरों के लिए पेंशन के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है। विपक्षी नेता के भाषण के बाद लोकसभा में एक बयान में रक्षा मंत्री ने गांधी के दावों पर आपत्ति जताई और कहा कि योजना के संबंध में देश को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।सिंह ने विपक्षी नेता के अनुरोध पर सदन के समक्ष अग्निवीर पर एक विस्तृत बयान देने की इच्छा व्यक्त की।

राजनाथ ने इस दौरान साफ तोर पर कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने बजट से संबंधित जो भी भ्रांतियां पैदा की हैं, उस पर वित्त मंत्री जवाब देते समय बात करेंगी।मेरा मानना है कि बजट को लेकर कई भ्रांतियां पैदा की गई हैं।सिंह ने कहा, देश की सुरक्षा का मुद्दा संवेदनशील मुद्दा है। सेना से जुड़े अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है।जब भी आपका (लोकसभा अध्यक्ष) आदेश होगा मैं अग्निवीरों को लेकर अपना बयान देने के लिए तैयार हूं।

इससे पहले राहुल गांधी ने कहा कि रक्षा मंत्री ने पहले भी कहा था कि एक शहीद अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया। कांग्रेस नेता ने कहा, उनकी बात गलत थी।उस परिवार को बीमा दिया गया था, मुआवजा नहीं। यह सच है।इसे कोई नकार नहीं सकता। राहुल गांधी के भाषण के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को सदन के नियमों के बारे में पता होना चाहिए और उन्हें सदन की कार्य प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पिछड़े वर्गों के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण के आदेश पर रोक लगाने से किया इनकार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पटना हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें बिहार में पिछड़े वर्गों के लिए 65 प्रतिशत आरक्षण को रद्द कर दिया गया था।बिहार सरकार ने आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के सरकार के फैसले को रद्द करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। पटना हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने 20 जून को बिहार विधानसभा द्वारा 2023 में पारित संशोधनों को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि वे संविधान की शक्तियों से परे हैं और संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत समानता खंड का उल्लंघन करते हैं।

पिछले महीने पटना हाईकोर्ट ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में राज्य द्वारा निर्धारित 65 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को रद्द कर दिया था। उच्च न्यायालय ने मार्च में राज्य में सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षण संस्थानों में पिछड़े, अत्यंत पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## बाहरियों को बेची गई अयोध्या की जमीन

### सांसद अवधेश प्रसाद ने भूमि घोटाले की जांच की मांग की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने सोमवार को अयोध्या शहर और उसके आसपास कथित भूमि घोटाले की जांच की मांग की और दावा किया कि भाजपा ने क्षेत्र के लोगों को धोखा दिया है।लोकसभा में बजट पर बहस में भाग लेते हुए, प्रसाद ने आरोप लगाया कि भाजपा अयोध्या के नाम पर राजनीति और व्यापार में लगी हुई है और इसलिए, शहर के लोगों ने भगवा पार्टी को खारिज कर दिया है। प्रसाद पिछले आम चुनाव में उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे जिसके अंतर्गत अयोध्या आता है। उन्होंने दावा किया, बजट में अयोध्या और उत्तर प्रदेश का कोई जिक्र नहीं है। भाजपा ने अयोध्या के नाम पर केवल राजनीति और व्यापार किया है। भाजपा ने अयोध्या के लोगों को चोट पहुंचाई है। राम मंदिर के निर्माण के दौरान मंदिर शहर और उसके आसपास कथित भूमि घोटाले की जांच की मांग करते हुए, सपा नेता ने कहा कि संसद को कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एक समिति का गठन करना चाहिए और रिपोर्ट सदन में पेश की जानी चाहिए। देश के लोगों को पता होना चाहिए कि कैसे अयोध्या के लोगों को धोखा दिया गया, कैसे अयोध्या को नष्ट किया गया और कैसे बुलडोजर का उपयोग करके इमारतों को नष्ट कर दिया गया।प्रसाद ने दावा किया कि भाजपा देश से सफाया हो जाएगी।उन्होंने कहा कि बीजेपी 2027 में यूपी में और 2029 में पूरे देश में हार जाएगी। बहस में भाग लेते हुए, भाजपा नेता विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि एक गरीब का बेटा होने के नाते मोदी देश के गरीब लोगों का दर्द समझते हैं और इसलिए वे वंचित लोगों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए 2 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे 10 वर्षों में देश के चार करोड़ युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने में मदद मिलेगी।

## गाजियाबाद के स्कूल 2 अगस्त तक बंद, पुलिस सुरक्षा बढ़ी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश समेत देश भर में इन दिनों कांवड यात्रा निकाली जा रही है। देश भर में कांवड यात्रा निकल रही है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश में जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश भी जारी किए है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के मुताबिक कांवड़ यात्रा को देखते हुए गाजियाबाद के सभी स्कूल 29 जुलाई से 2 अगस्त तक बंद रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि 22 जुलाई को सावन महीने की शुरूआत हो चुकी है। अब दो अगस्त को शिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में शिवभक्त गाजियाबाद सीमा के रास्ते हरिद्वार से 'पवित्र जल' लेकर राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए छोटे और हल्के वाहनों पर भी पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। कांवड़ यात्रा के संबंध में डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि गाजियाबाद जिले के स्कूलों में बच्चों और बसों की आवाजाही और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सभी प्राथमिक / उच्च प्राथमिक विद्यालय और सभी माध्यमिक विद्यालय (सीबीएसई / आईसीएसई आदि) 29 जुलाई से 2 अगस्त तक पूरी तरह से बंद रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सभी स्कूलों को आदेश का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने रविवार को बताया कि मुरादनगर में एक कार द्वारा कुछ कांवड़ियों को कथित तौर पर टक्कर मारने के बाद, चालक की पिटाई करने और वाहन में तोड़फोड़ करने के बाद गाजियाबाद पुलिस ने जिले के कुछ इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है और यातायात पर और अधिक प्रतिबंध लगा दिए हैं।

## माता प्रसाद को यूपी में नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने से मायावती नाराज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। समाजवादी पार्टी द्वारा यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को बनाए जाने से बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती नाराज हो गई हैं। बहनजी, इस बात से खुश नहीं हैं कि पीडीए की बात करने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव अगड़ों की राजनीति कर रहे हैं। मायावती ने अखिलेशके फैसले को लेकर आपत्ति जताते हुए उन पर पीडीए को गुमराह करने का आरोप लगायाहै।मायावती ने कहा कि सपा में एक जाति विशेष को छोड़कर बाकी पीडीए केलिए कोई जगह नहीं।

मायावती ने आज सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सपा मुखिया नेलोकसभा आम चुनाव में खासकर संविधान बचाने की आड़ में यहां पीडीए को गुमराहकरके उनका वोट तो जरूर ले लिया, लेकिन यूपी विधानसभा में प्रतिपक्ष का नेता बनानेमें जो इनकी उपेक्षा की गई यह भी सोचने की बात है, जबकि सपा में एक जातिविशेष को छोड़कर बाकी पीडीए के लिए कोई जगह नहीं है। ब्राह्मण समाज कीतो कतई नहीं क्योंकि सपा व भाजपा सरकार में जो इनका उत्पीड़न व उपेक्षा हुई हैवह किसी से छिपा नहीं। वास्तव में इनका विकास एवं उत्थान केवल बीएसपी सरकार में हीहुआ। अतः ये लोग जरूर सावधान रहें।

गौरतलब हो, अखिलेश यादव ने माता प्रसाद पांडेय को यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष घोषित किया है। अखिलेश ने पूर्वांचल से आने वाले ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा यूपी विधानसभा उपचुनाव में समीकरण साधने की कोशिश की है। वह सात बार के विधायक हैं। साथ ही विधानसभाअध्यक्ष का पद भी संभाल चुके हैं।

## मेडिकल स्टोर संचालक के घर की बांउड्री वाल अराजकतत्वों ने तोड़ी

निगोहां। भगवानपुर निवासी मेडिकल स्टोर संचालक मो० इस्तियाक उर्फ शेर खान ने बताया उनका नया मकान मोहनलालगंज के बैरीसालपुर गांव में बना हुआ है,रविवार की देर रात अज्ञात अराजकत्वो ने उनके मकान की बांउड्री वाल तोड़कर उसकी ईंटे इधर उधर फेक दी ।सोमवार की सुबह मौके पर पहुंचे तो बाउंड्री वाल टूटी देखकर मोहनलालगंज पुलिस को सूचना दी ।पीड़ित मेडिकल स्टोर संचालक ने पुलिस से शिकायत कर बांउड्री वाल तोड़ने वाले अज्ञात अराजकतत्वो के विरूद्व कार्यवाही की मांग की है।

## किसान के घर से दिनदहाड़े चोरो ने नगदी व जेवरात उड़ाये

निगोहां। कुशमौरा गांव निवासी राकेश कुमार ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया सोमवार की सुबह वो अपनी पत्नी जयदेवी व बेटी शालिनी के साथ खेतो में धान की रोपाई करने घर में ताला बंदकर चले गये,जिसके बाद घर में छत के रास्ते घुसे बैखोफ चोर कमरे में बक्से में रखी 49हजार की नगदी व जेवरात चोरी कर भाग निकले ।खेत से घर पहुंची बेटी दरवाजे का ताला खोलकर अंदर गयी ओर कमरे में रखे बक्से खुले व सामान बिखरा देखा तो उसे चोरी की घटना का पता चला ओर परिजनो को सूचना दी ।जिसके बाद उसने पुलिस को दिनदहाड़े घर में चोरी होने सूचना दी.तब जाकर एसीपी राधा रमण सिंह व थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की ।मौके पर पहुंची डॉग स्क्वायर्ड की टीम ने भी जांच की ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में चोरी की घटना संदिग्ध है,घर के बाहर वाले दरवाजे व छत पर लगे ताले टूटे नही मिले है,गहनता से जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

## पड़ोसियो ने महिला को पीटा,मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज के मनोहरापुर गांव निवासी कमला देवी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया नल पर पानी भरने गयी थी तभी विपक्षी सूरज,सुशील, मोती ने अपने परिवार के साथ मिलकर गाली-गालौज करते हुये लाठी डंडो से पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## जमीनी विवाद में दो पक्षो में मारपीट,तीन घायल

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बगहनखेड़ा गांव निवासी सर्वेश की पत्नी रितु ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया रविवार को वो अपने दरवाजे पर परिवार के साथ बैठी थी तभी विपक्षी ह्रदयलाल अपनी पत्नी व बेटो अनुज व अनूप व बेटी आरती के साथ आ धमके ओर कहने लगे हम जो निर्माण करवा रहे है उसे रूकवाने के लिये तुमने थाने में शिकायत की है इतना कहने के बाद गाली-गालौज करते हुये उक्त सभी ने लाठी-डंडो व फावड़े से मेरी व पति की बुरी तरह पिटाई कर घायल कर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले।

# रितिक हत्याकांड मामले में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पहुंचे मृतक के घर

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ।बंथरा के रितिक हत्याकांड मामले में सपा, सवर्ण युवा महासभा, किसान मंच और ब्राह्मण समाज सहित कई अन्य संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों द्वारा मृतक के घर पहुंच कर सांत्वना देने के बाद आखिरकार घटना के 9 दिन बाद सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने वहां पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए सांत्वना दी। इस दौरान बृजेश पाठक ने मृतक के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद परिजनों से मिलकर उन्हें शस्त्र लाइसेंस दिलाने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में पीड़ित परिवार की पूरी मदद करेगी और उन्हें न्याय दिलाया जाएगा। सोमवार को ही सपा के पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी भी मृतक के घर पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें हर प्रकार की मदद दिलाने का आश्वासन दिया। वैसे इस मामले में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने के लिए मुख्य भूमिका निभाई जा चुकी है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा दो बार बंथरा थाने का घेराव प्रदर्शन कर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिसके दबाव में आकर शुरूआत में दो दरोगा व एक सिपाही के अलावा बंथरा थाना प्रभारी को निलंबित किया गया। बाद में दरोगा इब्ने हसन को भी बंथरा थाने से हटाकर गोसाईगंज थाने भेज दिया गया। इस मामले में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अलावा अन्य संगठनों ने मुख्यमंत्री और पुलिस आयुक्त को पत्र भेज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त करवाई करने की मांग की। वह मृतक परिवार को आर्थिक मदद दिलाने के साथ ही शस्त्र लाइसेंस और सुरक्षा व्यवस्था दिलाने के अलावा मामले की उच्चस्त्रीय जांच करने की सरकार से मांग कर चुके हैं। उक्त संगठनों के दबाव पड़ने पर ही घटना के नामजद पांच आरोपियों ने अब तक समर्पण कर दिया है।

रितिक पांडेय हत्याकांड को लेकर शिवसेना यूबीटी उत्तर प्रदेश के राज्य प्रमुख ठा. अनिल सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। उन्होंने घटना की सीबीसीआईडी जांच कराने के साथ ही दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में ठा. अनिल सिंह ने कहा है कि बंथरा थाने में हुई रितिक पांडेय की हत्या को लेकर क्षेत्र में तनाव और दहशत व्याप्त है।इसको लेकर राजपूत और ब्राह्मणों के बीच खाई खोदने की राजनीति की जा रही है। कुछ नेता ब्राह्मण समाज में मरहम लगाकर राजनीति कर रहे हैं। जबकि दो राजपूत युवकों को जेल भेजा जा चुका है। उनका कहना है कि किन परिस्थितियों में यह घटना हुई, इसकी वास्तविक जांच किया जाना आवश्यक है। उन्होंने पीड़ित परिजनों को उचित आर्थिक सहायता के साथ ही मामले में जेल भेजे गए राजपूत युवकों को न्याय दिलाने की मांग की है।

## ऋतिक के परिजनों से मिले विधायक, हर संभव सहायता के लिए किया आश्वस्त

**बंथरा कांड : मृतक ऋतिक के पिता बोले विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह पर पूरा भरोसा, बंद हो जातिगत रंग देने की राजनीति**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोमवार को बंथरा पहुंचकर मृतक ऋतिक पांडेय के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने मृतक ऋतिक पाण्डेय के पिता इंद्र कुमार पाण्डेय उर्फ बब्बन पाण्डेय को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया। मृतक ऋतिक के पिता बब्बन पांडेय ने विधायक पर पूरा विश्वास व्यक्त करते हुए सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने और मामले को जातिगत रंग न देने की अपील की।

बंथरा पहुंचे सरोजनीनगर विधायक ने कहा की मामले के सारे आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं, किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जायेगा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में सूबे में सभी वर्गों को सुरक्षा, सम्मान और आगे बढ़ने का हर अवसर बिना भेदभाव समान रूप से मिल रहा है।

इस दौरान ब्राह्मण परिवार के अध्यक्ष शिव शंकर अवस्थी, भूपेन्द्र शर्मा, वीरेन्द्र तिवारी, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, रमाशंकर त्रिपाठी, अनिल दुबे, श्याम तिवारी, कर्नल दयाशंकर दूबे, अतुल बाजपेयी, पिंटू शुक्ला, सुनील कुमार शुक्ला ह्लटुन्नूह्व, प्रसून जोशी, रीना उपाध्याय, अन्नु त्रिपाठी, अनूप मिश्रा, पार्षद कौशलेन्द्र द्विवेदी, पार्षद प्रतिनिधि विमल तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि संजीव अवस्थी, पार्षद के एन सिंह, रमाकान्त मिश्रा ह्लराजनह्व, राजू बाजपेयी, राजेश चावला, कमल कड़ायन मिश्रा, आशु शुक्ला, आर के मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष विवेक राजपूत, ब्लॉक प्रमुख सुनील कुमार रावत, नगर पंचायत बँथरा अध्यक्ष प्रतिनिधि रणजीत रावत भी मौजूद रहे।

# बेखौफ चोरों ने बियर ठेके को बनाया निशाना, नकदी व माल किया पार

**चोरी की घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद**

अमन लेखनी समाचार



दुकान का टूटा पड़ा शटर, खाली पड़े डिब्बे

लखनऊ। बेखौफ चोरों ने बीती रात बियर दुकान को निशाना बनाते हुए उसमें रखी बियर की पेटियां व नगदी समेत दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर उखाड़ कर फरार हो गए, वहीं चोरी की घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सहिलामऊ में रविवार देर रात बेखौफ चोरों ने गांव के किनारे नहर के पास स्थित बियर की दुकान का शटर तोड़ चोरों ने पांच दर्जन से अधिक बीयर की पेटी व हजारों की नकदी लेकर फरार हो गए। चोरों ने पास की अंग्रेजी शराब की दुकान से चोरी करने का प्रयास किया लेकिन उसका शटर तोड़ने में कामयाब नहीं हो सके चोरी की पूरी घटना अंग्रेजी शराब की दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल जुट गई है। हरदोई जनपद के निवासी बियर ठेके के मालिक भोलेंद्र ने बताया कि रोज की तरह हरदोई जनपद के बेनीगंज निवासी सेल्समैन लालाराम गुप्ता रविवार रात में दुकान बंद कर अपने कमरे में सोने चला गया था। सोमवार सुबह सूचना मिली कि उनकी दुकान का शटर तोड़कर शातिर चोरों ने बियर की पेटी समेत नकदी चोरी कर ले गए। जिसकी सूचना पीआरवी पुलिस को दी गई। चोर करीब 63 पेटी बियर और 26 हजार नकदी समेत करीब दो लाख रुपए का माल लेकर फरार हो गए। दुकान मालिक भोलेंद्र ने थाने पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिस पर पुलिस ने तत्काल अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कसा सपा पर तंज, कहा- पिछली सरकारों ने बोए बबूल के कांटे, योगी सरकार इन्हें कर रही दूर

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को विपक्ष ने सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की, मगर जो जवाब मिला उसके बाद विपक्ष चारों खाने चित हो गया। विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने योगी सरकार की उपलब्धियां तो गिनाई ही, साथ ही विपक्ष पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 70 साल तक जब सपा-कांग्रेस सत्ता में रही तब तो आपको चिंता नहीं हुई, अब विपक्ष में बैठकर आपके ज्ञान चक्षु खुल गए। पिछली सरकारों में हुई हाई कॉस्ट पीपीए भी प्रदेश पर अतिरिक्त भार का एक कारण हैं।

ऊर्जा मंत्री ने आगे कहा कि इस बबूल को काटने का प्रयास हम कर रहे हैं। इसके साथ ही, बलिया में पैसे लेकर कार्य करने वालों को सस्पेंड करने का जिक्र करते हुए सपा नेताओं पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि इस राज्य में जो बिजली की समस्या है, उसके ऐतिहासिक कारण भी हैं। एक ऐतिहासिक कारण तो ये भी है कि पिछली सरकारों ने ठीक काम नहीं किया, जो किया भी उसमें गुणवत्ता का पालन नहीं किया गया।

### पूरे देश में सबसे ज्यादा हो रही उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति

एके शर्मा ने विधान सभा में जवाब देते हुए कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी मुख्यमंत्री के निर्देश में दिन रात मेहनत करके प्रदेश में लगातार उत्तम सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। पूरे देश में सबसे ज्यादा विद्युत आपूर्ति उत्तर प्रदेश में हो रही है। 30,618 मेगावॉट की बिजली की आपूर्ति उत्तर प्रदेश में हो रही है। भारत के इतिहास में किसी भी राज्य में पहले कभी भी इतनी बड़ी आपूर्ति नहीं हुई। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि सपा सरकार के समय से ढाई गुना ज्यादा बिजली हम दे रहे हैं। वर्ष 2013-14 का मैक्सिमम लोड था 12,327 मेगावॉट। अब इसकी हमारे कार्यकाल से तुलना करें तो साफ देख सकते हैं कि ढाई गुना से ज्यादा यानी 30,618 मेगावॉट की आपूर्ति योगी सरकार में हो रही है। 2013-14 में 81,598 मिलियन यूनिट की सप्लाई की गई थी। जबकी, योगी सरकार ने वर्ष 2023-24 में 1,47,701 मिलियन यूनिट यानी दोगुनी बिजली सप्लाई की है।

### विपक्ष ने किसानों को हाशिए पर छोड़ा, योगी सरकार दे रही लाभ

एके शर्मा ने कहा कि सपा सरकार के समय जिन लोगों तक बिजली पहुंचाने का कार्य नहीं हुआ था, वह भी सीएम योगी के नेतृत्व में लाभान्वित हो रहे हैं। ऐसे डेढ़ लाख मजरे जिनकी तरफ सपा सरकार ने देखा ही नहीं था, इनमें से 1.21 लाख मजरे वर्ष 2017 के बाद विद्युतीकृत हुए हैं। उत्तर प्रदेश अब देश में किसानों को सबसे ज्यादा बिजली देने वाला प्रदेश बन चुका है। हमने इस साल भारत सरकार से गुजारिश करके 19,503 मजरों के लिए 917 करोड़ रुपए की योजना मंजूर करवाई है और जल्द ही यहां भी हम बिजली देने का कार्य करने जा रहे हैं। विपक्ष किसानों को लेकर बड़ी बड़ी बातें करता है, मगर हमारी सरकार में किसानों के बिजली का बिल माफ कर दिया गया है। विपक्ष ने वर्ष 2012-13 में किसानों को कुल 25 हजार कनेक्शन (25,112) दिए थे, 2013-14 में 18 हजार, 2014-15 में 34 हजार व 2015-16 में 29 हजार कनेक्शन दिए गए।

# उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की बैठक हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की एक बैठक सोमवार को सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित अमौसी रोडवेज वर्कशॉप में आयोजित हुई। इस बैठक में संगठन के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद नसीम ने रविवार को राजधानी स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के 70वें वर्ष में प्रवेश करने पर आयोजित हुए कार्यक्रम के बारे में कर्मचारियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) मजदूरों के लिए देश और दुनिया का एकमात्र ऐसा गैर राजनीतिक संगठन है जो पिछले 70 वर्षों से बिना टूट फूट के मजदूरों का मजबूत संगठन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाए गए कार्यक्रम में बीएमएस के उत्तर प्रदेश उत्तराखंड और दिल्ली के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम ने बीएमएस के बारे में बताया कि इस संगठन ने सकारात्मक सोच के साथ देश के प्रथम वरीयता का विचार लेकर मजदूरों के बीच अलग पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि बीएमएस 70वें वर्ष में समाज के श्रमिक वर्गों में राष्ट्रीयता के विचारों को संस्कारी बनाने के लिए पंच परिवर्तन के कार्यक्रमों पर जोर देगा। वैश्विक स्तर पर पर्यावरण की चुनौती में जल, जमीन, जंगली जानवर के विषय में हमें सोचना होगा। साथ ही भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में इस पंच परिवर्तन के विषय को लेकर एक जन जागरण वह प्रबुद्ध संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज श्रमिक क्षेत्र में बढ़ती हुई ठेका प्रथा, आउटसोर्सिंग, गिग वर्कर्स की बढ़ती हुई चुनौतियों का सामना नए परिपेक्ष्य में सोचनीय है। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए पूरा श्रम जगत संगठन की ओर देख रहा है।आई इसलिए अब इसका नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ करेगा। जिला मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करने के साथ ही प्रदेश कार्य अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। मोहम्मद नसीम ने कहा कि इस कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री रामनिवास सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विनिता कुसुम मिश्रा, प्रदेश मंत्री राय प्रदीप चंद, आरसी पांडेय, मनमोहन दास, ललित सिंह, योगेश उपाध्याय, हरिशरण मिश्र, जेपी सिंह और महामंत्री संजय शुक्ला सहित तमाम लोगों ने संगठन के बारे में बताया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ लखनऊ क्षेत्र के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद नसीम के साथ ही क्षेत्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार (बाली), क्षेत्रीय मंत्री सुधीन्द्र वर्मा, अजय श्रीवास्तव, दानिश उमर, गुरमीत सिंह, अब्दुल करीम, सीके शुक्ला, आमिर जावेद, मनीष दीक्षित, राकेश तिवारी, सहदेव सिंह नगरीय सेवा लखनऊ के प्रदेश संयोजक राजकमल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिकायत कर करके थक हार के ग्रामीणों ने खुद गांव की गलियों और नालियों की करी सफाई

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर बीडीओ, एडीओ पंचायत और ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत कर करके थक हार चुके रसूलपुर के ग्रामीणों ने आखिर सोमवार को खुद गांव की गलियों और नालियों की सफाई की। बताते चलें कि सरोजनीनगर ब्लॉक स्थित भटगांव के मजरा रसूलपुर में पिछले कई माह से नालियों और गलियों की सफाई नहीं हुई। जिससे सारी नालियां सिल्ट से चोक हो चुकी हैं। जिसके कारण घरों का निकला पानी नालियों से उफनाकर रास्तों में फैल कर बह रहा है। यही नहीं लंबे समय से सफाई न होने के कारण रास्तों और नालियों में बड़ी-बड़ी घास उग कर खड़ी हो गई है। इससे नालियों का स्वरूप तक गायब हो गया है। इसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान थे। ग्रामीणों का कहना है कि वह इस समस्या को लेकर कई बार सरोजनीनगर बीडीओ, एडीओ पंचायत और ग्राम प्रधान से शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह कि रास्तों और नालियों में भयानक गंदगी फैल गई, जो संक्रामक बीमारी को दावत दे रही है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों और ग्राम प्रधान से शिकायत करके जब थक हार गए तो उन्हें सोमवार को खुद नालियों की सफाई करनी पड़ी। जिसके तहत ग्रामीणों ने रसूलपुर स्थित गली नंबर 2 में सरजू मेडिकल स्टोर के सामने राजबीर के घर से नरेश के घर तक नालियों की सफाई की। इसके अलावा अन्य गलियों और रास्तों में भी खड़ी बड़ी-बड़ी घास सहित नालियों की सिल्ट हटाकर नालियां साफ की। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पिछले 5 महीने से एक भी सफाई कर्मचारी की तैनाती न होने के कारण पूरा गांव गंदगी में रहने पर विवश है।

# टप्पेबाज किशोर को बातो में फंसाकर ले उड़ा मोबाइल फोन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।गौरा गांव निवासी राममिलन की पत्नी किरन ने बताया सोमवार को वो अपने परिवार के साथ कालेबीर बाबा मंदिर में कथा सुनने आई थी,इस दौरान उसने अपना मोबाइल फोन नाबालिग बेटे विनय कश्यप को दे दिया ।जिसके बाद बेटा मंदिर के बाहर बैठकर मोबाइल फोन चला रहा था तभी उसके पास एक अज्ञात युवक आया ओर बोला तुम राममिलन के बेटे हो तुम्हे मै पहचानता हू, मेरे मोबाइल में रिचार्ज खत्म हो गया है अपना मोबाइल फोन दे दो अस्पताल में एक काल करनी है,जिसके बाद बेटे के फोन देने पर काल करने के बाद उसे पास के एक निजी हास्पिटल तक अपने साथ ले जाता है ओर एक कर्मचारी से मिलकर वापस मंदिर में लौट आता है इस दौरान बेटे के पास मौजूद फोन में फिर से रिपोट ले जाने के लिये फोन आता तो उक्त टप्पेबाज मोबाइल अपने हाथ मे लेकर बेटे को उसी कर्मचारी के पास रिपोट लेने भेज देता है,बेटा अस्पताल से रिपोट लेकर वापस लौटता है तो देखता है टप्पेबाज मोबाइल लेकर फरार हो जाता है ।जिसके बाद किशोर अपने परिजनो को टप्पेबाजी की घटना के बारे में बताया है ।जिसके बाद किशोर बेटे संग मां चौकी पर पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर अज्ञात टप्पेबाज पर कार्यवाही करती है ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया अज्ञात टप्पेबाज पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

# 'मनचाही लड़की से निकाह को तैयार नहीं हुए घरवाले', डायरी में प्यार की दास्तां लिख युवक ने नहर में लगाई छलांग

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मनचाही लड़की से निकाह करने को घरवाले तैयार नहीं हुए तो 22 वर्षीय फहद ने सोमवार सुबह इंदिरानहर में छलांग लगा दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ के गोताखोर नहर में फहद की खोजबीन कर रहे हैं। फहद सआदतगंज पुराना चबूतरा के पास के रहने वाले थे। नहर के बाहर बाउंड्री के पास पुलिस को एक डायरी मिली। डायरी में फहद ने अपने प्यार की दास्तान लिखी।

### नहर में बढ़ा हुआ था पानी

इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश तिवारी के मुताबिक डायरी में फहद ने लिखा कि वह एक लड़की से शादी करना चाहता था। घरवाले इसके लिए तैयार नहीं थे। कई दिन से घर पर इस बात को लेकर विवाद चल रहा था। सुबह वह नहर पर पहुंचा। नहर में पानी काफी बढ़ा हुआ था। बाउंड्री वाल पर खड़े होकर उसने छलांग लगा दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत,मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में बीती 13 जुलाई की रात ट्रक की टक्कर से हुई बाइक सवार युवक की मौत के मामले में मृतक के पिता ने ट्रक चालक के खिलाफ बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्नाव जिले के माखी थानान्तर्गत थोक हमीर देव गांव निवासी सुरेश पाल सिंह के मुताबिक 13 जुलाई की रात करीब 1:15 बजे उनका बेटा संदीप बाइक से वापस अपने घर आ रहा था। तभी बंथरा में कटी बगिया के पास पीछे से आ रहे हैं ट्रक (यूपी 78 एफन 3732) के चालक ने तेजी व लापरवाही से ट्रक चलाते हुए संदीप की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में ट्रक चालक वाहन सहित वहाँ से भाग निकला। लेकिन इस दौरान संदीप के साथ दूसरी बाइक से आ रहे माखी के थोक गढ़ी मोहल्ला निवासी सुभाष सिंह और सुमित सिंह ने ट्रक का नंबर नोट करने के साथ ही उसका पीछा कर रोकने की कोशिश की, लेकिन ट्रक चालक वाहन सहित भागने में सफल रहा। घटना में गंभीर रूप से घायल संदीप को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा गया। जांच चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर नंबर के आधार पर उसके चालक की तलाश कर रही है।

# रिवाल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सुलभ आवास योजना निवासी पवन कुमार अरोड़ा ने यहीं के सत्यपाल सिंह और उसके बेटे के खिलाफ गाली गलौज, अचानक हमला कर मारपीट करने के साथ ही रिवाल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पवन कुमार अरोड़ा का कहना है कि रविवार शाम ट्रांसपोर्ट नगर में सुलभ आवास योजना के पास कमेटी की बैठक में मौजूद 15 लोग चुनाव कराकर नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा कर रहे थे। तभी अचानक शाम 5:45 बजे सत्यपाल सिंह अपने बेटे के साथ पहुंचे और कमेटी के व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन की बात पर गाली-गलौज करने लगे। इस पर पवन और कुछ अन्य लोग उठकर जाने लगे। आरोप है कि तभी सत्यपाल सिंह के बेटे ने पीछे से अचानक पवन के सिर पर भारी सामान से वार कर दिया। साथ ही यह भी कहा कि भागने न पाए, इसे जान से मार दो। आरोप है कि बाद में दोनों बाप बेटे ने पवन की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह चोटिल हो गया। बाद में मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराया। पवन का आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने रिवाल्वर दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी और वहां से भाग निकले। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए पवन को लोक बंधु अस्पताल पहुंचा कर इलाज कराया। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस पवन कुमार अरोड़ा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## संक्षेप

### जालसाजी कर करा लिया भूमि का बैनामा

हसनगंज, उन्नाव। जालसाज ने जाति छुपाकर दो बीघा जमीन की रजिस्ट्री कर दी। पीड़ित खरीददार को जालसाजी की जानकारी होने पर सीओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की लखनऊ जिले के सरदौना गांव थाना पारा निवासी असफीर्लाल पुत्र सरजू ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर बताया की बीते 24 मई को रजिस्ट्री कार्यालय हसनगंज में घोल गांव निवासी रमेश पुत्र लल्लू जो एससी है उन्होंने अपनी जाति छिपाकर दो बीघा जमीन का बैनामा करा दिया ।बैनामा के अनुसार 7 लाख नगद व 17 लाख रुपए खाते में आरटीजीएस करा लिया। खरीददार ने जमीन की दाखिल खारिज के समय मामला संज्ञान में आने पर पीड़ित ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र आया है जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत पार कर दिया लाखों के जेवरात

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली से चार सौ मीटर की दूरी पर अज्ञात चोरों ने बीती रात छत के रास्ते से चढ़कर घर में दाखिल होकर पांच हजार की नगदी सहित एक लाख रुपए सोने के जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह अलमारी, बक्शे का ताला टूटा देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजनो ने चोरी की सूचना पुलिस को दी ।हसनगंज कोतवाली क्षेत्र से चार सौ मीटर दूर स्थित मौलवी खेड़ा गांव में इसहाक अली अपने परिवार के साथ दो मंजिला छत पर सो रहा था। अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल होकर बक्शे व अलमारी का ताला तोड़कर पांच हजार की नगदी सहित एक लाख रुपए के सोने व पाव भर चांदी चोरी कर ले गए। सुबह परिजनो के उठने पर कमरे में बक्शे व अलमारी का ताला टूटा देख होश उड़ गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर जांच कर रही है ।जांच के बाद आगे की कार्रवाई जायेगी।

### दबंगो ने फेंका खंभा तार, दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार की चौकी भगवंतनगर अन्तर्गत बदनखेड़ा में घर के सहन में जानवरों से सुरक्षित रखने हेतु लगे खंभे ,तार उखाड़ फेकने के मामले में पीड़ित द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है ।चौकी क्षेत्र के बदनखेड़ा निवासिनी प्रेम कान्ती पत्नी स्व० जंग बहादुर ने तहरीर देते हुए बताया मैंनेअपने मकान के सामने सहन की जमीन पर खम्बे व तार की बाउडरी लगा रखी थी जिसको राजू शर्मा स्व० राज बहादुर, शान्ति देवी पत्नी स्व० राज बहादुर, बिटाना पत्नी राजू शर्मा सुरज पुत्र स्व० रज्जन शर्मा द्वारा मकान के सहन में लगे खम्भे व तार को जबरन उखाड़कर तालाब में फेंक दिया और तार घर उठा लें गए साथ मे गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश पांडेय ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# परियोजना लक्ष्य 2024 का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कैरियर स्टडीज संस्थान द्वारा उन्नाव जिला प्रशासन के सहयोग से परियोजना लक्ष्य 2024 का शुभारम्भ किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को उच्च शिक्षा की तैयारी, हितधारकों के बीच जागरूकता, रोजगार कौशल का विकास, शैक्षिक और कैरियर परामर्श पाठ्यक्रम एवं सही कोर्स व कैंपस की पहचान कराना है। इस मौके पर उन्नाव के पूर्व जिलाधिकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ लोक वित्त सलाहकार, आईएएस श्री अरुण आर्य द्वारा जानकारी दी गयी कि कैरियर स्टडीज संस्थान (आईसीएस) द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से एक क्रांतिकारी पहल के रूप में एक व्यापक करियर काउंसलिंग और मार्गदर्शन कार्यक्रम, परियोजना लक्ष्य 2024 शुरू किया गया है। उन्होने बताया कि यह परियोजना छात्रों को अपने करियर के बारे में सूचित करने, निर्णय लेने एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से, परियोजना लक्ष्य उन्नाव जिले के 12 चयनित स्कूलों में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को अत्याधुनिक करियर मार्गदर्शन और काउंसलिंग सेवाएं प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार और अपने संबंधित कैरियर में सफल बनाने के लिए तैयार करना है।आईसीएस की निदेशक डॉ. अमृता दास ने कहा कि परियोजना लक्ष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप एक अग्रणी पहल है। हम उन्नाव जिले के छात्रों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि उन्हें अपनी रुचि, आकांक्षाओं, योग्यताओं और प्रतिभाओं के अनुरूप करियर चुनने में सक्षम बनाया जा सके। परियोजना का प्रस्तुतीकरण करते हुए, आईसीएस की सामाजिक पहुंच प्रमुख नाहिद वर्मा ने स्पष्ट किया कि परियोजना लक्ष्य के व्यापक दृष्टिकोण में प्रधानाचार्यों और शिक्षा अधिकारियों के लिए परिचयात्मक ओरिएंटेशन, करियर मार्गदर्शन और नवीनतम शैक्षिक रुझानों पर प्रशिक्षण सत्र, समूह सेमिनार और छात्रों के लिए व्यक्तिगत परामर्श शामिल है। आईसीएस करियर जीपीएस एक द्विभाषी ऐप है जिसका उपयोग एक मूल्यवान संसाधन के रूप में किया जा सकता है। पूर्व निदेशक साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा ललिता प्रदीप ने कहा कि मैं कानपुर मंडल में आईसीएस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर सौभाग्यशाली रही और करियर काउंसलिंग में शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से इसके प्रभाव को देखा। शिक्षकों को छात्रों के करियर यात्रा में मार्गदर्शन करने के लिए सशक्त बनाने पर कार्यक्रम का ध्यान वास्तव में सराहनीय है। उन्होने कहा कि 9,000 से अधिक स्कूलों को कवर करते हुए मध्य प्रदेश में इसके सफल क्रियान्वयन के साथ, आईसीएस जिले में अपनी सफलता को दोहराने के लिए तैयार है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हमे पूरी उम्मीद है कि हमारे जनपद के प्रबन्धक, शिक्षक व शिक्षिकाएं तथा छात्र एवं छात्राएं इस पहल से अधिक से अधिक जुडेगे तथा इसका लाभ उठायेंगे। इस परियोजना से जुड़ने वाले छात्रों को अपना कैरियर बनाने व भविष्य सवारने के लिए एक अच्छा रास्ता मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह, जवाहर नवोदय विद्यालय, प्रधानाचार्या प्रतिमा पुरी व शिक्षक तथा प्रधानाचार्य, केन्द्रीय विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षक तथा आईसीएस के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिक समाज सेवा एसोसिएशन की बैठक में मनाया गया शौर्य दिवस के रूप में कारगिल विजय दिवस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पूर्व सैनिक समाज सेवा एसोसिएशन उन्नाव द्वारा संगठन ऑफिस में, सैनिक विहार पंचशील (नेशनल हाईवे आरटीओ ऑफिस के बगल में) प्रदेश महासचिव संजय सिंह फौजी की अध्यक्षता में 25 वें कारगिल विजय दिवस पर की गई बैठक। जिसमें अतिथि के रूप में सदर विधायक पंकज गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का सभी सैनिकों के साथ सभी सैनिकों के साथ मौन रखकर की गई। बैठक में आए हुए माननीय विधायक पंकज गुप्ता जी द्वारा आए हुए पूर्व सैनिक साथियों एवं अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके सम्मान में अपनी बात रखी। एवं सैनिकों के योगदान पर अनुशासन के साथ किए जा रहे कार्यों पर सभी का अभिनंदन किया और कभी भी सैनिक परिवारों को कोई समस्या होने पर हमेशा उनके साथ रहने को भरोसा दिया इसी के साथ जब हिंदुस्तान के शहीदों के सम्मान में जयकारे गूंजे तो एक पल भावभीनी नम आंखें एक दूसरे को सैनिक भाव में नमन करते दिखी। इसके उपरांत प्रदेश महासचिव संजय सिंह फौजी ने कहा आज जो हम बैठक कर कारगिल दिवस मना रहे हैं यह दिवस पाकिस्तान के छद्म रूप में शुरू किए गए युद्ध पर कारगिल पर हमारी जीत के तौर पर मनाया जाता है जिसमें की कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 3 हजार लगभग सैनिकों को मार गिराया था। यह युद्ध 18 हजार फीट की ऊंचाई पर दुश्मन देश के साथ लड़ा गया था। कारगिल युद्ध में भारत के 527 जवान शहीद और 1363 जवान घायल हो हुए थे। जिसमें की हमारे जिले के ग्रेनेडियर ग्रुप के लांस नायक अमर बहादुर सिंह जी भी शहीद हुए थे हम उन को बारंबार नमन करते हुए हर बरस उन्हें याद करते रहेंगे। बैठक में आए हुए पूर्व सैनिकों ने संगठन पदाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिस पर प्रदेश महासचिव ने जल्द संबंधित समस्याओं पर जिलाधिकारी महोदय से मिलकर ज्ञापन देकर सैनिक परिवारों की बात प्रशासन तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए जिलाध्यक्ष राजेश सिंह सेंगर ने बैठक में समाज में सकारात्मक संदेश के साथ सभी सैनिक परिवारों को मिलकर संपर्क में रहने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन संरक्षक वेटरन जे एस तिवारी ने सैनिक मोटो ₹हम सैनिक सबसे पहले₹ के साथ सैनिक एकता के साथ समाज में आगे बढ़ने को कहते हुए राष्ट्रगान के साथ समापन किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रुप से अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता पूर्व सैनिक समाज सेवा एसोसिएशन से प्रदेश महासचिव संजय सिंह फौजी संरक्षक जेएस तिवारी जिलाध्यक्ष राजेश सिंह सेंगर प्रेम शुक्ला कैप्टन आर जी मिश्रा आशुतोष कुमार मिश्रा एसपी यादव दिनेश चंद्र विजय कुमार विनय बाजपेई संत कुमार द्विवेदी शमशेर सिंह सतपाल सिंह अवध राज सिंह वासुदेव चौहान बीबी सिंह बृजेंद्र बहादुर सिंह राजेश बाजपेई संजीव मिश्रा विश्वनाथ सिंह राम मोहन चौधरी महेंद्र सिंह फूल सिंह अजय कुमार कृष्णपाल योगेंद्र सिंह सुशील पांडे सुरेंद्र प्रताप आदि पूर्व सैनिक उपस्थित रहे आदि उपस्थित रहे।

# गर्मी की मार नही सह पा रहे नौनिहाल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में मौसम अनुकूल बारिश न होने से सबसे ज्यादा गर्मी अधिक पड़ने से सबसे ज्यादा असर बच्चो पर देखने को मिल रहा है वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में सुबह से ही उल्टी,दस्त, लूज मोशन, बुखार पेट दर्द आदि मुख्य बीमारियां चल रही है वही लगभग ढाई सौ से तीन सौ छोटे बड़े व बच्चों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में



प्रतिदिन किया था रहा है वही ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर फारूक अहमद ने बताया सबसे ज्यादा मरीज बुखार व पेट दर्द के आ रहे थे जब की यह बात बच्चो में ही पाई जा रही है इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अनूप तिवारी ने बताया कि इस मौसम में सभी को विशेष सावधानियां बरतनी चाहिए क्योंकि अपने घर या आसपास पानी नहीं जमा होने देना चाहिए धूप में कम से कम निकलना चाहिए पानी के साथ ओआरएस का घोल साथ रखना चाहिए और किसी चिकित्सा संबंधी जानकारी या आकस्मिक चिकित्सा हेतु 112,102 पर फोन कर सहायता लेनी चाहिए और किसी प्रकार की असुविधा होने पर मेरे 9415781109 संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

# लोक निर्माण विभाग 4 जर्जर पुलों को करेगा ध्वस्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रदेश सरकार ने 50 साल पुराने सभी पुलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। इसपर लोक निर्माण विभाग ने जिले के चार पुलों की हालत जर्जर बताकर आवागमन प्रतिबंधित किए जाने की संस्तुति की थी। शासन ने रिपोर्ट को संज्ञान में लेकर चार लघु सेतु गिराने के निर्देश दिए है।

इनकी जगह नए लघु सेतु निर्माण कराया जाएगा। आपको बतादे की बिहार में पुल गिरने की घटनाओं को संज्ञान में लेकर प्रदेश सरकार ने भी पांच दशक पुराने पुलों की जांच कराई थी। लोक निर्माण विभागप्रांतीय खंड व निर्माण खंड ने इनकी पड़ताल की, जिसमें 22 पुल ऐसे मिले थे जो पांच दशक पूरे कर चुके थे। बरबट से राजेपुर पतारी संपर्क मार्ग पर शारदा नहर स्थित पुल, पुरवा बीघापुर पर स्थानीय नाला में आरसीसी पुल, पुरवा बैगांव मार्ग पर बना पुल और अहमदाबाद ग्राम में स्थित आरसीसी पुलों पुलों की हालत मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हो गई थी। इनपर आवागमन खतरे से कम नहीं था। इसको देखते हुए पीडब्ल्यूडी ने इन पुलों पर आवागमन प्रतिबंधित करने की कयावद शुरू कर रिपोर्ट शासन को भेजी थी।

पीडब्लू डी के सहायक अभियंता शहरूर रहमान ने बताया कि कहा है। उन्नाव में प्रान्ती खण्ड के अंतर्गत चार ऐसे सेतु है जो क्षतिग्रस्त है जिनका निरीक्षण हमारे यहाँ अधिक्षण किया था और निरीक्षण के उपरांत उसमें भारी वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है

और ग्रामीणों को भी बता दिया गया है की इसमें कोई भी भारी वाहन उसमें ।से ना निकले तो हमारे प्रांतीय खण्ड के अंतर्गत चार सेतु है जो क्षतिग्रस्त अवस्था में है जिसके लिए हम लोग आगड़न बना रहे है। अग्रिम कारवाई के लिए ।जो चार सेतु हमारे यहाँ है उसमें पहला एक सेतु है।

मंगलखेड़ा का था सोहराऊ के किलोमीटर 13 में ये 15 मीटर स्पेन का है। दूसरा हिलौली, भवानीगंज, पिपरी, जोराबगंज से दुर्जनखेड़ा संपर्क मार्ग, एक किलोमीटर एक पे। ये भी स्पेन का है। तीसरा, हमारा पूर्व।

बीघापुर मार्ग पे किलोमीटर छह पे ये छह मीटर स्पान की आरसीसी पुलिया है। तीसरा हमारा बरबतपुर राजे संपर्क मार्ग है जो शारदा नहर पे पुल बना है। सिंचाई विभाग का ये 18 मीटर स्पेन का है । भारी वाहनों के आवागमन को रोक दिया गया है।

# गौवंश के शव को ट्रैक्टर में बांध कर लगाया ठिकाने वायरल हुआ वीडियो

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। सोमवार को एक और वीडियो सामने आया, जिसमें एक ट्रैक्टर से गोवंश को बांधकर खींचा जा रहा है। वीडियो फतेहपुर चौरासी क्षेत्र का बताया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने तमाम तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं। हालांकि, इसके पहले वायरल हुए एक वीडियो में अधिकारियों ने पल्ला झाड़ लिया था। जबकि वायरल वीडियो की पुष्टि हिंदी दैनिक अमन लेखनी समाचार पत्र नहीं करता है। 38 सेकंड का वीडियो विकास खंड फतेहपुर चौरासी के भड्सर नौशरहा गांव के गौशाला का बताया जा रहा है। इस वीडियो में एक ट्रैक्टर चालक एक गोवंश (गाय) को पीछे बांधकर खींचता हुआ दिख रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, ₹भड्सर नौशरहा ग्राम पंचायत की महमदपुर गौशाला का एक और गौवंश से क्रूरता का वीडियो वायरल हुआ है ।इस बार ट्रैक्टर भी नीले रंग का है, लाल रंग का सस्पेंस नहीं है, आसानी से पहचान हो जाएगी। 26 जुलाई को वायरल वीडियो की जांच के लिए जब अफसर पहुंचे थे तो केयर टेकर चारा पानी का इंतजाम कर रहा था, वो भी लाल रंग की बनियान और सफेद रंग के हाफ लोवर में ।सोमवार के वीडियो में ध्यान से देखिएगा, जो ट्रैक्टर से मृत गौवंश को खींचकर ले जा रहा है, यह वही केयर टेकर है जो आज चालक की भूमिका में है। अब कुछ बताने की जरूरत नहीं है, बस 'क्रूरता' करने वालों को चिन्हित कर जवाबदेही तय करना है ।वीडियो वायरल होने के बाद एक बार फिर से फजीहत हुई है। हालांकि पहले वाले वीडियो में क्या कार्रवाई हुई, यह अब तक जिला प्रशासन अवगत नहीं करा पाया है। लगातार गोवंशों को इस तरह खींचने के वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने इसे बेहद निंदनीय बताया है। सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि सभी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है।

# तीन वारंटीयो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार पुलिस द्वारा सोमवार को विभीन्न मामलों में वांछित चल रहे तीन वारंटी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया।

पहला मामला बिहार थाना क्षेत्र की मनिकापुर गाँव निवासिनी राजरानी का है। करीब 8 वर्ष पूर्व राजरानी ने थाना बिहार को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसके चचेरे ससुर बिंदादीन की कोई संतान न होने की वजह से वह स्वमं देखभाल करती थी। बिंदादीन ने अपने पक्के मकान की पक्की वसीयत मेरे नाम कर दी थी लेकिन उस समय के ग्राम प्रधान दिवाकर सिंह ने मेरी सास को बहला फुसला कर मकान का बैनामा अपने नाम करा लिया था। दिवाकर सिंह व उनके साथ रामराज सिंह,मुन्ना सिंह,कान्हा सिंह व राजन सिंह 15 मार्च 2016 को मेरे घर घुस आए व जाति सूचक शब्दो से गाली देते हुए घर को खाली करने की धमकी दे गए जिसके संबंध में मैंने पुलिस व पुलिस अधीक्षक उन्नाव को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी ।मेरे शिकायत करने के कारण 22 मई 2016 को उक्त सभी लोग रात करीब 2 बजे मेरे घर घुस आए व अश्लील हरकतें करते हुए मेरे परिवार के साथ मारपीट की । मेरे घर के छप्पर में आग भी लगा दी। जिसके बावत मैंने पुलिस की शरण ली। उक्त मामले में थाना बिहार द्वारा हरिजन एक्ट सहित सुसंगत मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मामले में कई दिन से फरार चल रहें राजन सिंह उर्फ देवन्द्र बहादुर सिंह पुत्र हरिओम सिंह व कान्हा सिंह उर्फ अनुज सिंह पुत्र अनिल कुमार के खिलाफ कोर्ट द्वारा वारंट जारी हुआ जिस पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए दोनो वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

दूसरे मामले में गाँव के ही अनुसूचित ब्यक्ति से मारपीट करने के आरोप में विजय शंकर बाजपेई पुत्र रघु बालक बाजपेई निवासी ग्राम अजबखेड़ा थाना बिहार पर हरिजन एक्ट सहित मारपीट का मुकदमा कई वर्ष पूर्व लिखा गया है। उक्त मामले में पेशी पर न उपस्थित होने के कारण कोर्ट द्वारा वारंट जारी हुआ ।जिसके परिप्रेक्ष्य मे थाना बिहार पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए विजय शंकर बाजपेयी को गिरफ़्तार कर मा०न्याया०भेज दिया गया।

# किसानों की समस्या को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। किसानों की समस्याएं बार-बार अवगत कराने के बाद प्रशासन द्वारा हल न किये जाने के सम्बन्ध में सोमवार को फसल चिकित्सक बृजेन्द्र सिंह व भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारीयो ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। फसल चिकित्सक बृजेन्द्र सिंह व भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी को ज्ञापन सौपते हुए बताया कई बार प्रशाशनिक अधिकारियों को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया जिनमे अन्ना गोवंश का समाधान ,नहरों में पर्याप्त सुचारु रूप से पानी , डलमऊ बी पम्प व शारदा नहर से बीघापुर व सुमेरपुर तक पानी पहुँचने की बात,विद्युत व्यवस्था सुचारु रूप से मिलने,लेखपालों द्वारा किसानों से धन उगाही ,फसल बीमा केला, पपीता, आम बागवानी वाली फसलों में लागू करने की बात सहित कई प्रमुख समस्याएं रखी गयी थी लेकिन कोई हल नही निकाला गया। साथ ही 16 जून की किसान यूनियन भानू गुट द्वारा दिये धरने में अधिकारियो द्वारा 20 दिन में नहरों में पानी पहुचाने की बात कही गयी थी जो निरर्थक साबित हुई। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष पवन शुक्ला, जिला प्रभारी अंबुज चौहान , जिला मीडिया प्रभारी कार्तिकेय दीक्षित,अर्जुन सिंह ,अंकित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# दबंगो से पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राजकीय इंटर कॉलेज के एक शिक्षक पर छात्रों को पीटने का आरोप लगा है परिजनों ने इसकी शिकायत की तो शिक्षक ने उन्हें धमका कर भगा दिया। जिसके बाद राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के अध्यक्ष ने डीएम को लिखित शिकायत देकर शिक्षक पर कार्यवाही की मांग की है ।राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने अनुराग, आशीर्वाद, कृष्णा, रितिक, रतन के साथ डीएम को तहरीर देते हुए बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज चमरौली में पढ़ने वाले छात्रों को वहीं पर तैनात एक चौधरी शिक्षक के द्वारा बिना किसी कारण के अनैतिक रूप से मारने पीटने का आरोप लगाया है। बीते 21 जुलाई को प्रवेश के दौरान ही शिक्षकों ने सारे मानक पूरे होने के बाद किसी तरह दाखिला लिया था। उसके बाद से लगातार उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। परिजनों ने जब इसकी शिकायत की तो शिक्षक ने कहा है कि डीएम, सीएम किसी से भी शिकायत करो, मेरा कुछ होने वाला नहीं है। इसके बाद अब डीएम से मिलकर छात्रों के परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है और कहा कि शिक्षक के द्वारा की गई पिटाई से बच्चों को चोट भी आई है। उनके बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। कार्यवाही की मांग की है।

# भगवान शिव की पूजा करने को शिव मंदिरों में लगी रही भक्तो की भीड़

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भगवान शिव के नाम से माना जाने वाले सावन महीने के दूसरे सोमवार को नगर के विभिन्न मंदिरों के बाहर सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लगा रहा। गंगा स्नान के दौरान लोगों की भारी भीड़ रही। इस बार घाटों पर भीड़ होने के चलते पुलिस बल कम रहा ।सावन के सोमवार पर नगर के विभिन्न मंदिरों गायत्री शक्तिपीठ स्थित महाकाल शिवमंदिर, पोनीरोड झंडा चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर, कंचन नगर स्थित कंचनामाई मंदिर, राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर, सीताराम कॉलोनी स्थित आनंदेश्वर मंदिर, सुभाष नगर, ऋषि आश्रम, चंपापुरवा स्थित शिव मंदिर, गोपीनाथ पुरम भाग्येश्वर मंदिर, देवारा स्थित वीरभद्रेश्वर मंदिर में शाही श्रंगार कराया गया, देवारा स्थित वीर भद्रेश्वर मंदिर समेत तमाम शिवमंदिरों में सुबह से शिव भक्तों ने पूजा अर्चना की ।श्रद्धालु हाथ में सजी पूजा के थाल जिसमें दीप, धूप, नेवैद्य, धतूरा, बेलपत्र आदि लेकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उपवास रखा। शिव मंदिरों में भक्तों द्वारा लगाए जा रहे बम भोले के उद्घोषों से पूरा मंदिर परिसर दिन भर गूंजता रहा। वहीं कई स्थानों पर शिवभक्तों ने रूद्राभिषेक का आयोजन करवाया। जिसमें आचार्यों ने विधि विधान भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक आदि करवाया ।सावन के सोमवार को गंगा स्नान का विशेष महत्व है। सोमवार को श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान लोगों ने तट पर बालू से शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके अलावा तमाम श्रद्धालुओं ने तट पर कथा का श्रवण किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-दक्षिणा कर पुण्य लाभ कमाया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर घाटों पर पुलिस तैनात रही और नाव से पुलिसकर्मी गंगा में गश्त करते रहे ।सावन के सोमवार में राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना हुई। भगवान भोले नाथ का श्रंगार कर आचार्यों द्वारा रूद्राभिषेक किया गया। रूद्राभिषेक के दौरान वहां तमाम भक्त बम बम भोले के जयकारे लगा रहे थे। मंदिरों में भी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए वहीं गोकुल बाबा मंदिर में भी हजारों की संख्या में सुबह से ही शिव भक्तों ने दर्शन कर मनोकामना की है।

# पानी लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दर्ज हुआ मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। खेत में पानी लगाए जाने को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज मारपीट दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लियो थाना बारा सगवर क्षेत्र ग्राम रसूलपुर मजरा दरियाव निवासी सरल पत्नी भगवती प्रसाद कई दिनों से अपने बच्चों को लेकर नाली की साफ सफाई करके खेत की सिंचाई कर रही थी खेत के पड़ोसी निवासी डौंडिया खेड़ा नरेंद्र व जितेंद्र यादव पुत्र विजय बहादुर राहुल यादव पुत्र राम बहादुर वीरेंद्र यादव पुत्र शिव मोहन पानी काटकर अपने खेत में लगा लिया जिसको लेकर वाद विवाद हो गया पीड़िता को जान से मार देने की धमकी व गाली गलौज लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे पीड़िता ५ पीड़िता के पुत्र घायल हो गए दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# रोजगार सेवकों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। रोजगार सेवकों ने बकाया मानदेय का भुगतान कराएं जान ऐप की धनराज को संबंधित कर्मियों के उन में जमा करने के संबंध में अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रतिनिधिमंडल ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा विकास खण्ड बीघापुर में ग्राम रोजगार सेवकों ने ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद शंकर जिला मीडिया प्रभारी रामजी यादव के नेतृत्व में ग्राम रोजगार सेवकों ने जिलाधिकारी कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी बीघापुर विनोदमणि त्रिपाठी को दिया जिसमें मांग की गयी है कि लगभग 6 माह से मानदेय से वंचित रोजगार सेवकों को जल्द मानदेय दिया जाय व कई वर्षों का बकाया ई पी एफ की धनराशि ऊएएन खाते में जमा की जाय, राज वित्त व चौदहवें वित्त में भी मनरेगा को शामिल किया जाय ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से एपियो पीयूष गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद शंकर, जिला मीडिया प्रभारी रामजी यादव, महामंत्री शशिकांत, नरेंद्र कुमार, सुरेश यादव, अभिषेक, अनीता, नीतू आदि मौजूद रहे।




# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत लखापुर गांव के मजरा रामगंज में रहने वाले एक युवक की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेजा है। परिजन देर रात दो बजे तक हंगामा काटते रहे ।जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के जाजमऊ चौकी के अंतर्गत लखापुर के रामगंज निवासी अर्जुन का 24 वर्षीय बेटा मदन सिंह को महेश, मुन्नर एवं एक अज्ञात व्यक्ति उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उसे भर्ती कराया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी परिजनों को दी गई ।सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पैर में चोट के निशान देख हत्या का आरोप लगाते हुए जाजमऊ चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव कब्जे में लिया है। मृतक के परिजन घर के बाहर घंटे देवी तक हंगामा करते रहे उन्होंने कहा कि जो लोग उसे ले गए थे उन्होंने उनकी हत्या की है बवाल बढ़ता देख गंगा घाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे ।परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया, इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से भी घटना को लेकर जानकारी हासिल की। जिन लोगों पर आरोप लगे हैं उनसे भी पुलिस ने पूछताछ की है। इस बाबत गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है पूछताछ की जा रही है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

### द्वादश मंदिर में रुद्राभिषेक पूजन व श्रृंगार सम्पन्न

उन्नाव। जिले के सिद्धपीठ कल्याणी मंदिर प्रांगण में स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रावण मास के द्वितीय सोमवार कृष्ण पक्ष के शुभ अवसर पर जुगुल किशोर के आचार्यत्व में मुख्य यजमान अर्चना व कु० दुर्बा त्रिपाठी , वंदना शुक्ला, पियूषा प्रखर शुक्ला नीलम पाण्डेय, रीता विनोद मिश्रा ललिता रामप्रसाद गुप्ता, श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव रेनु ईशान गुप्ता, विभा बाजपेई नीलम मिश्रा अनामिका, कु० अवी शुक्ला, अमिता अवस्थी व उषा त्रिवेदी द्वारा बाबा विश्वनाथ, सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओंकारेश्वर, वैद्यनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर, त्रियंबकेश्वर, केदारनाथ व घृष्णेश्वर बाबाओं का पूजन व श्रृंगार किया गया। कल्याणी मंदिर सेवा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पी० के० मिश्रा के अनुसार अगला पूजन 1 अगस्त 2024 को 12:30 से प्रारंभ होगा।

## सम्पादकीय

# महिलाओं का लापता होना चिंता की बात

देश में महिलाओं और लड़कियों का लापता होना चिंता की बात है। हमारे पुलिस तंत्र को चाहिए कि महिलाओं और बच्चों के लापता होने की घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक, देश में 2019 से 2021 के बीच तीन साल की अवधि में 13.13 लाख लड़कियां और महिलाएं लापता हुई हैं जिनमें से सबसे अधिक मध्यप्रदेश की हैं। लापता महिलाओं की संख्या के लिहाज से पश्चिम बंगाल दूसरे स्थान पर है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संसद में पिछले सप्ताह पेश आंकड़ों के मुताबिक देश से 2019 से 2021 के बीच 18 साल से अधिक उम्र की 10,61,648 महिलाएं लापता हुईं, जबकि इसी अवधि में देश से 18 साल उम्र की 2,51,430 लड़कियां गायब हुईं। संसद द्वारा मुहैया कराए गए आंकड़ों के मुताबिक मध्यप्रदेश से 2019 से 2021 के बीच 1,60,180 महिलाएं और 38,234 लड़कियां लापता हुई थीं। इसी अवधि में पश्चिम बंगाल से 1,56,905 महिलाएं और 36,606 लड़कियां लापता हुईं। आंकड़ों के मुताबिक महाराष्ट्र से 2019 से 2021 के बीच, 1,78,400 महिलाएं और 13,033 लड़कियां लापता हुई हैं। ओडिशा में उक्त तीन साल की अवधि में 70,222 महिलाएं और 16,649 लड़कियां गायब हुई हैं जबकि छत्तीसगढ़ में इसी अवधि के दौरान 49,116 महिलाएं और 10,187 लड़कियां लापता हुईं। संसद के पटल पर पेश आंकड़ों के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश में दिल्ली शीर्ष पर रही जहां से सबसे अधिक महिलाएं और लड़कियां लापता हुईं। राष्ट्रीय राजधानी से 61,054 महिलाएं और 22,919 लड़कियां 2019 से 2021 के बीच लापता हुई हैं। जम्मू-कश्मीर में इस अवधि के दौरान 8,617 महिलाएं और 1,148 लड़कियां गायब हुई हैं। सरकार ने संसद को सूचित किया कि उसने पूरे देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाए हैं, जिनमें यौन अपराधों को रोकने के लिए आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम- 2013 को लागू करना शामिल है। सरकार ने बताया कि आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम- 2013 को लागू किया गया, जिसमें 12 साल से कम उम्र की बच्ची से दुष्कर्म करने के दोषी को मौत की सजा देने समेत अन्य कड़े प्रावधान हैं। यूएन की एक वर्ष 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के बाद भारत में महिलाओं के लापता होने की संख्या सबसे ज्यादा है। भारत में पिछले 50 वर्षों के दौरान 4.58 करोड़ महिलाएं लापता हुई हैं, जबकि दुनियाभर में लापता होने वाली महिलाओं की संख्या 14.26 करोड़ है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जारी स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट में कहा गया था पिछले 50 सालों में लापता होने वाली महिलाओं की संख्या विश्व में दोगुने से अधिक हो गई है। यह 1970 में 6.1 करोड़ थी जो 2020 तक बढ़कर 14.26 करोड़ हो गई। इस वैश्विक आंकड़े में भारत में 2020 तक लापता महिलाओं की संख्या 4.58 करोड़ और चीन की 7.23 करोड़ है। एनसीआरबी की रिपोर्ट की मानें तो देश में रोजाना 246 लड़कियां और 1027 लड़कियां गायब हो रही है। हर रोज 87 महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहा है। यह देखा गया है कि लड़कियों और महिलाओं के लापता होने के मुख्य कारणों में प्रेम संबंध, पारिवारिक/वैवाहिक विवाद, वित्तीय कारण, भाग जाना, दिमागी तौर पर अस्वस्थता, पढ़ाई में असफलता आदि शामिल हैं। यूं तो लापता व्यक्तियों के मामलों की जांच तुरंत की जानी चाहिए, लेकिन पुलिस तंत्र की लापरवाही के चलते महिलाओं व लड़कियों के लापता होने की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पाती है। सरकार को महिलाओं के लापता होने की घटनाओं पर रोक लगाने का पुख्ता इंतजाम करना चाहिए।



रक्षा बजट

डा. एल.एस. यादव

# चुनौतियों के मुकाबले बजट कम

अपने छिले वर्ष की तुलना में भारत की रक्षा चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। भारत के पुराने प्रतिद्वन्द्वी चीन के साथ एलएसी पर तनाव चलते हुए काफी दिन हो चुके हैं। पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में सीमाओं पर चीनी सैन्य अतिक्रमण और रोबोट सेना की तैनाती के प्रयास इसके प्रमुख उदाहरण हैं। पाकिस्तान की तरफ से लगातार अघोषित युद्ध जारी है। समुद्र की तरफ से भी भारत को चुनौतियां मिल रही हैं। चीन की समुद्री क्षेत्र में बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए भारतीय नौसेना के सामने हिन्द महासागर से लेकर अरब सागर तक चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। उभरते खतरों को देखते हुए नौसेना, वायु सेना तथा थल सेना के लिए आवंटित धनराशि कम ही कही जाएगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 23 जुलाई को आम बजट पेश करते हुए रक्षा बजट का कुल हिस्सा 621940.85 करोड़ रुपये दिए जाने का प्रावधान किया है। यह धनराशि 2024-25 के कुल वित्त बजट का 12.90 प्रतिशत के लगभग है। इससे पहले 2023-24 के आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 593537.64 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जो 2022-23 की तुलना में 69000 करोड़ रुपये ज्यादा थे। इस हिसाब से यह वृद्धि 13 प्रतिशत के लगभग थी। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मात्र 28403.21 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई। यह बढ़ोत्तरी 4.78 प्रतिशत है जो कि काफी कम है क्योंकि रक्षा चुनौतियां ज्यादा हैं। इसके साथ ही सीमा पर चल रही सामरिक चुनौतियों का दीर्घकालिक समाधान निकालने के लिए सैन्य साजो सामान के निर्माण में आत्मनिर्भरता सुनिषश्चित करने के लिए विशेष जोर दिया गया है। तीनों सेनाओं के हथियार एवं अन्य उपकरणों में आत्मनिर्भर होने का प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता जता कर घरेलू रक्षा उद्योग से खरीद के लिए आगे बढ़ना है।

रक्षा बजट में आवंटित धनराशि को चार भागों में विभक्त किया जाता है। इसमें नागरिक, राजस्व, पूंजीगत खर्च और पेंशन निर्धारित है। नागरिक बजट के हिस्से में 25963 करोड़ रुपये दिए गए हैं जिसमें बार्डर रोड आर्गनाइजेशन, ट्रिब्यूनल सहित सड़क व अन्य विकास कार्य किए जाते हैं। रेवेन्यू बजट के लिए 282772 करोड़ रुपये रखे गए हैं। रेवेन्यू बजट से तीनों सेनाओं का वेतन बांटा जाता है जो बजट का बड़ा हिस्सा होता है। इसके अलावा एक्स सर्विसमैन की हेल्थ स्कीम, मेंटिनेंस व रिपेयरिंग का खर्च भी इसी बजट से किया जाता है। इसलिए रेवेन्यू बजट का हिस्सा कुल रक्षा बजट का लगभग 45 प्रतिशत है। यह पिछले साल के मुकाबले 12652 करोड़ रुपये ज्यादा है।

रक्षा बजट में पूंजीगत व्यय के लिए 1,72,000 करोड़ रुपये अलग रखे हैं जिनमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य साजो सामान की खरीद शामिल हैं। यह पिछले साल के मुकाबले 9400 करोड़ रुपये ज्यादा है यानि कि 5.7 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। यह धनराशि कुल रक्षा बजट का 27.6 प्रतिशत है। इस धनराशि से एयरक्राफ्ट, एयरोइंजन उपकरण, भारी और मध्यम श्रेणी के सैन्य वाहन, नए आधुनिक हथियार तथा गोला-बारूद खरीदा जाएगा। यही नहीं अन्य तकनीकी सैन्य उपकरणों की खरीद से सेनाओं को सुसज्जित किया जाएगा। इस साल सेना के लिए स्पेशल रेलवे वैगन खरीदे जाने की योजना है। वायु सेना के लिए आधुनिक लड़ाकू विमानों व नए अन्य उपकरणों के खरीदे जाने की संभावना है। इसी तरह नौसेना को मजबूती प्रदान करने के लिए नए नेवल डॉकयार्ड प्रोजेक्ट शुरू किए जाने की योजना है। पेंशन के लिए बजट में 141205 करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह धनराशि कुल रक्षा बजट का 22.7 प्रतिशत है। वर्ष 2023-24 में यह धनराशि 1.38 करोड़ रुपये थी। इस तरह इस मद में लगभग 3000 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। इस बजट में तीनों सेनाओं के



सेवानिवृत्त सैनिकों की पेंशन व अन्य मिलने वाले लाभ शामिल होते है। विदित हो कि देश में तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त सैनिकों की संख्या तकरीबन 26 लाख है जिसमें सबसे ज्यादा जवान थलसेना के हैं।

पिछले वर्ष की तुलना में भारत की रक्षा चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। भारत के पुराने प्रतिद्वन्द्वी चीन के साथ एलएसी पर तनाव चलते हुए काफी दिन हो चुके हैं। पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में सीमाओं पर चीनी सैन्य अतिक्रमण और रोबोट सेना की तैनाती के प्रयास इसके प्रमुख उदाहरण हैं। लद्दाख में चीन की चुनौती को देखते हुए तकरीबन 50000 सैनिकों की तैनाती की जा चुकी है। इसके अलावा वहां पर टैंकों, विमानों एवं मिसाइलों की तैनाती कर दी गई है, जिससे कभी भी युद्ध की स्थिति से निपटा जा सके। ऐसे में और अधिक रक्षा बजट की आवश्यकता थी।

पाकिस्तान की तरफ से लगातार अघोषित युद्ध जारी है। वह आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराता है तथा आतंकवादियों को पाल पोसकर उन्हें भारत भेजता है ताकि भारत की तरक्की की रफ्तार को रोका जा सके। इसके अलावा समुद्र की तरफ से भी भारत को चुनौतियां मिल रही हैं। चीन की समुद्री क्षेत्र में बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए भारतीय नौसेना के सामने हिन्द महासागर से लेकर अरब सागर तक चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। जिसके लिए नौसेना युद्ध समूहों के गठन और नौसेना की एयर विंग को मजबूत करना परम आवश्यक हो गया है। हिन्द महासागर में उभरते खतरों को देखते हुए तथा पाक व चीन सीमा पर चुनौतियों के मद्देनजर नौसेना, वायुसेना तथा थल सेना के लिए आवंटित धनराशि कम ही है।

पाकिस्तान व चीन सहित विश्व के अनेक देश भारत की तुलना में सुरक्षा पर अधिक धन खर्च कर रहे हैं। ऐसे में सीमा पर तनाव को देखते हुए सैन्य साजो सामान की विषेश आवश्यकता थी। चीन सीमा के नजदीक आवागमन सुलभ बनाने हेतु सड़कों के विकास के लिए सीमा सड़क संगठन को 6500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जो पिछले बजट की तुलना में 30 प्रतिशत ज्यादा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचागत विकास कार्यों में तेजी आएगी। स्टार्टअप, नवाचार और छोटी इकाइयों को तकनीकी मदद के लिए आईडेक्स योजना के तहत 518 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जिससे विकास कार्यों में मदद मिलेगी और देश उत्कृष्टता व आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

रक्षा क्षेत्र में तकनीकी विकास के लिए भी अधिक धन की जरूरत थी। वर्तमान सैन्य चुनौतियों को देखते हुए पुराने हो चुके हथियारों एवं उपकरणों से सेनाओं को छुटकारा दिलाकर आवश्यक नवीनतम हथियारों से सेनाओं को लैस करना, सैन्य आधुनिकीकरण व नवीनतम युद्ध कला से सेनाओं को सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता हो चुकी है। इन सबके अलावा साइबर, हाईटेक युद्ध पद्धति एवं नेटवर्क केन्द्रित युद्ध पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। यहां गौरतलब बात यह है कि हमें नये परिवेश को ध्यान में रखकर परम्परागत लड़ाई के साथ-साथ साइबर युद्धों की भी तैयारियां कर लेनी चाहिए। जो देश इसमें पीछे रह गए वे नुकसान भी उठा सकते हैं, क्योंकि हम जिन हथियारों की तैयारी में लगे हैं भविष्य में शायद उनकी जरूरत कम ही पड़े और यौद्धिक संक्रियाओं का रुख नवीन युद्ध प्रणालियों की तरफ बढ़ जाए। ऐसे मे रक्षा बजट में इन तैयारियों के लिए भी बजट निर्धारित किया जाना चाहिए था।

यद्यपि हमारी सेनाएं इन युद्धों के प्रति तैयार हैं लेकिन अलग से तैयारी करना इस क्षेत्र में हमें और मजबूती प्रदान करेगा। सेनाओं की आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में एक प्रमुख महत्वाकांक्षी योजना एकीकृत कमान की है, जो अभी पूरी नहीं हुई है। सरकार थल सेना, नौसेना एवं वायु सेना की क्षमताओं को एकीकृत करना चाहती है। इसे वर्तमान 17 एकल सेवा इकाइयों को पांच थियेटर कमांड के तहत लाया जाना है जिससे युद्धों से निपटने में

## पुण्यतिथि

हर्षवर्धन पाण्डे



# जनता के राष्ट्रपति थे कलाम

सपने वो नहीं होते जो आपको रात में नींद में आएं लेकिन सपने वे होते हैं जो रात में सोने ना दें। ऐसी बुलंद सोच और अग्नि सरीखी ऊंची उड़ान रखने वाले मिसाइलमैन एपीजे कलाम ही थे जिन्हें जनता का राष्ट्रपति यूं ही नहीं कहा जाता था। अपने कार्यकाल में डॉ. अवुल पकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम ने अन्य राष्ट्रपति के कार्यकालों के मुकाबले न केवल अमिट छाप छोड़ी, बल्कि ऐसी मिसाल भारतीय राजनीति में देखने को नहीं मिलती। डॉ. कलाम ने अपनी सादगी से उन्होंने पूरे देश की जनता का दिल जीता। राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भी वह आम इंसान की तरह रहते थे। वह देश के सम्मानित व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने एक वैज्ञानिक और एक राष्ट्रपति के रूप में अपना अतुल्य योगदान देकर देश सेवा की। अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद से डॉ. कलाम शिलांग, अहमदाबाद और इंदौर के भारतीय प्रबंधन संस्थानों तथा देश एवं विदेश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अतिथि प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। डॉ. कलाम ने राष्ट्राध्यक्ष रहते हुए राष्ट्रपति भवन के दरवाजे आम जन के लिए खोल दिए जहां बच्चे उनके विशेष अतिथि होते थे।

15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में पैदा हुए कलाम ने मद्रास इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी से स्नातक करने के बाद भौतिकी और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग का अध्ययन किया और फिर उसके बाद रक्षा शोध एवं विकास संगठन से जुड़ गए। उनका बचपन भी बड़ा संघर्ष पूर्ण रहा। कलाम की इच्छा थी कि वे वायु सेना में भर्ती हों तथा देश की सेवा करें। यह इच्छा पूरी न हो पाने पर उन्होंने बे-मन से रक्षा मंत्रालय के तकनीकी विकास एवं उत्पाद का चुनाव किया। वहां उन्होंने 1958 में तकनीकी केन्द्र सिविल विमानन में वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक का कार्यभार संभाला। उन्हीं दिनों इसरो में स्वदेशी क्षमता विकसित करने के लिए उपग्रह प्रक्षेपण यान कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कलाम को प्रोजेक्ट डायरेक्टर नियुक्त किया गया जिसे उन्होंने अंजाम तक पहुंचाया। जुलाई 1980 में रोहिणी उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा के निकट स्थापित करके भारत को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष क्लब के सदस्य के रूप में स्थापित कर दिया। डॉ. कलाम ने भारत को रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री के तत्कालीन वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. वीएस अरुणाचलम के मार्गदर्शन में इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की। इस योजना के अंतर्गत त्रिशूल आकाश, नाग, अग्नि एवं ब्रह्मोस मिसाइलें विकसित हुई। डॉ. कलाम ने जुलाई 1992 से दिसम्बर 1999 तक रक्षा मंत्री के विज्ञान सलाहकार तथा डीआरडीओ के सचिव के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने भारत को सुपर पॉवर बनाने के लिए 11 मई और 13 मई 1998 को सफल परमाणु परीक्षण किया। इस प्रकार भारत ने परमाणु हथियार के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की और पोकरण विस्फोटों की भनक अमेरिका तक को नहीं लगी और परीक्षण सफल हुआ। डॉ. कलाम नवम्बर 1999 में भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार रहे और फिर 25 जुलाई 2002 को भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित हुए। वे 25 जुलाई 2007 तक इस पद पर रहे और उनको राष्ट्रपति बनाने में नेताजी ने मास्टर स्ट्रोक उस दौर में चला जब वामपंथी और विपक्ष एनडीए के इस फैसले के साथ गया था। 2012 में सबसे पहले तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी के साथ कलाम को राष्ट्रपति बनाने की बात सामने रखी थी, कांग्रेस की पसंद प्रणब मुखर्जी थे और वह कलाम के साथ नहीं थी। डॉ कलाम को कार्यकाल की कोई चाह नहीं थी लेकिन करोड़ों प्रशंसकों का दिल उन्होंने नहीं तोड़ा और दूसरे कार्यकाल के चयन पर सभी दलों की सहमति चाही।



उनकी जीवनी विंग्स ऑ फायर भारतीय युवाओं और बच्चों के बीच बेहद लोकप्रिय है।

## प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित

दर्शन

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है।

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित

प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कारगिल के योद्धाओं को नमन

25 वर्ष पहले हमारे देश के सैनिकों ने पाकिस्तान को उसकी नापाक हरकतों के लिए कारगिल युद्ध में धूल चटाई थी। 26 जुलाई हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि इस दिन हमारे देश के जांबाज सैनिकों ने देश के दुश्मन पाकिस्तान को कारगिल युद्ध में करारी शिकस्त देकर, कारगिल की चोटियों पर भारत का तिरंगा फहराया था। भारत हमेशा ही पाकिस्तान को प्यार और अहिंसा से आतंकवाद और कश्मीर समस्या के लिए बातों और समझौतों की राह चलते हुए समझाने की कोशिश करता आया है, लेकिन हमारे देश के प्रति नापाक पाकिस्तान ने जब-जब भी अपनी नापाक हरकतों की लक्ष्मण रेखा पार की है, तब-तब हमारे देश ने इसे सुधारने के लिए बातों से नहीं, बल्कि लातों से भी काम लिया है। - **ब्रिजेश ठाकुर**, दुर्ग

## करंट अफेयर

### द.अफ्रीका में पहली महिला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

दक्षिण अफ्रीका में पहली बार किसी महिला को प्रधान न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने वर्तमान उप प्रधान न्यायाधीश मंडिसा माया को बृहस्पतिवार को देश की प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया। दक्षिण अफ्रीका की प्रधान न्यायाधीश के पद पर माया का कार्यकाल एक सितंबर से प्रारंभ होगा। वह मौजूदा प्रधान न्यायाधीश रेमंड जोंडो के सेवानिवृत्त होने के बाद उनका स्थान लेंगी। देश के शीर्ष 'संवैधानिक न्यायालय' में पदोन्नति से पहले 60 वर्षीय माया दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी अदालत 'सुप्रीम कोर्ट ऑफ अपील' में 'जज प्रेसिडेंट' के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं।



## ऑफ बीट

### माइग्रेन सिर्फ सिरदर्द नहीं कई समस्याएं हैं वजह

माइग्रेन 'सिर्फ सिरदर्द' नहीं बल्कि कई समस्याओं की वजह है। 'माइग्रेन' ग्रीक शब्द 'हेमीक्रानिया' से आया है, जो माइग्रेन के मुख्य रूप से एकतरफा होने के सामान्य अनुभव को संदर्भित करता है। कुछ लोगों को सिरदर्द शुरू होने से पहले एक 'चमक' का अनुभव होता है – आमतौर पर एक दृश्य या संवेदी अनुभव जो पांच से 60 मिनट तक विकसित होता है। इस आभा में भाषा, गंध और अंग कार्य जैसे अन्य डोमेन भी शामिल हो सकते हैं। माइग्रेन एक बड़ी व्यक्तिगत और सामाजिक प्रभाव वाली बीमारी है। माइग्रेन के दौरान अधिकांश लोग अपने सामान्य स्तर पर काम नहीं कर पाते हैं



## ट्रेंड

### कोई कसर नहीं छोड़ेंगे



किसानों के नाम पर विपक्ष सिर्फ राजनीति कर रहा है। स्वामीनाथन कमेटी ने लागत पर 50 फीसदी मुनाफा देकर समर्थन मूल्य की सिफारिश की, लेकिन यूपीए सरकार ने इसे खारिज किया। हम किसानों की आमदनी दोगुनी करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम दिन-रात काम करेंगे।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### रिहाई की मांग गलत



अमृतपाल सिंह की रिहाई की मांग करना सरासर गलत है। अमृतपाल ने श्री गुरुग्रंथ साहिब को आगे करके थाने पर हमला बोला था। पंजाब का कोई भी नागरिक श्री गुरुग्रंथ साहिब का दुरुपयोग करने का समर्थन नहीं करेगा।

-संजय सिंह, आप सांसद

### शानदार राष्ट्रपति



हमें लगता है कि कमला हैरिस संयुक्त राज्य अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति बनेंगी और उन्हें हमारा पूरा समर्थन है। हमारे देश के लिए इस महत्वपूर्ण क्षण है, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि वह नवंबर में जीत हासिल करें।

-बराक ओबामा, पूर्व राष्ट्रपति यूएस

### सड़कें विकसित कीं



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हिमाचल की सड़कें विकसित कीं। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें ट्रिपल आईआईटी, अटल टनल, वंदे भारत, एम्स, विश्व स्तरीय मनाली हाईवे और कई अन्य परियोजनाएं दी हैं।

-कंगना रनौत, सांसद

## संक्षेप

### अमरोहा में किसान के घर चोरी

**नकदी समेत आभूषण पर किया हाथ साफ, नकब काटकर घर में घुसे थे चोर**

अमरोहा, अमरोहा के देहात थाना इलाके में बीती रात चोरों ने एक किसान के घर को निशाना बना लिया। चोरों ने दीवार में कूमल काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब परिवार के लोग सो कर उठे तो घर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। देखा कि अलमारी में रखी सोने चांदी की ज्वैलरी, नकदी सब गायब थी। किसान के मुताबिक चोर साढ़े चार लाख का माल समेट ले गए है। फिलहाल पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दरअसल शुक्रवार की रात चोरों ने अमरोहा देहात के गांव तेलीपुरा में किसान मुकर्रम पुत्र यासीन के घर पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित किसान ने बताया कि चोरों ने दीवार में पीछे से कूमल काटकर चोरी की है। चोरों ने कमरे के अंदर अलमारी में रखी सोने-चांदी के ज्वैलरी, नकदी समेत लगभग साढ़े चार लाख का माल समेट लिया है। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। उधर इस मामले में देहात कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि चोरी की घटना में पुलिस को जांच पड़ताल के लिए गांव भेजा गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द चोरी की घटना का पदार्फाश किया जाएगा।

### अयोध्या में फूफा संग किशोरी हुई लापता

**घर से दवा लेने गई थी, परिजनों ने लड़की के फूफा के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर**

अयोध्या, अयोध्या के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी फूंफा के साथ लापता हो गई। वह घर से फूफा के साथ दवा लेने गई थी। किशोरी के पिता ने थाने में बहनोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता धारा 137(2) बीएनएस का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में बहनोई के खिलाफ तहरीर दिया। पीड़ित पिता ने कहा थाना कूरेभार जनपद सुलतानपुर के एक गांव में बहनोई रहता है। 24 जुलाई को वह घर पर आया। सुबह दस बजे रामनगर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में बेटी को दवा कराने के लिए साइकिल से ले गया। पिता का आरोप है बहनोई बीकापुर में साइकिल खड़ी करके उसकी पुत्री के साथ किसी अज्ञात स्थान पर चला गया। काफी खोजबीन के बावजूद पुत्री का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। पीड़ित पिता ने आरोपी बहनोई सिराज के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके तलाश कराई जा रही है।

## परिषदीय विद्यालयों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**बीएसए को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिये निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पुस्तक एवं ड्रेस वितरण, आधार फीडिंग, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर तथा पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय गम्भीरवा का औचक निरीक्षण किया। उ.प्रा.वि. रायपुर के परिसर में समुचित साफ-सफाई न पाये जाने, विद्यालय के एक शौचालय में ताला लगा होने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए शिक्षण स्टाफ को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। एमडीएम में मेन्यू के अनुसार रोटी व सोयाबीन बड़ायुक्त दाल तथा फल (केले) का वितरण किया गया है। पठन-पाठन की गुणवत्ता को परखने के लिए डीएम ने कक्षा 03 का भ्रमण किया। यहां पर शिक्षा मित्र गायत्री गुप्ता बच्चों को पढ़ा रही थीं। कक्षा में मौजूद छात्रा डीएम के कहने पर अपने पिता का नाम नहीं लिख पायी। यूनीफार्म का पैसा बच्चों के खाते में पहुंचने की बाबत जानकारी करने पर शिक्षा मित्र संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकीं। डीएम द्वारा अभिलेखों का अवलोकन कर पाया कि शिक्षण सत्र 2023-24 की ड्रेस की धनराशि बच्चों के खातों में आयी है। ग्रान्ट की जानकारी करने पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि 75 हजार रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है। उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण में डीएम ने पाया अनुदेशक आकृति सिंह बीच-बीच में अनुपस्थित हैं। पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय गम्भीरवा के निरीक्षण के दौरान एमडीएम के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर कक्षा 05 के बच्चों द्वारा बताया गया कि मेन्यू रोटी व सोयाबीन बड़ायुक्त दाल सब्जी के स्थान पर सब्जी चावल परोसा गया है। फल व दूध के बारे में पूछने पर बच्चों ने बताया कि विद्यालय में फल व दूध का वितरण नहीं हो रहा है। डीएम ने पाया बच्चे पेयजल के लिए इण्डिया मार्का हैण्डपम्प का उपयोग कर रहे हैं। पूछने पर बताया गया कि विद्यालय में स्थापित समसेर्बुल खराब है। ग्रान्ट के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि रू. 01 लाख प्राप्त हुआ है। डीएम ने बीएसए को निर्देश दिया कि विद्यालय की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने बीएसए को निर्देश दिया है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर तथा पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय गम्भीरवा का विस्तृत निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करें।

## जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षकों के साथ की बैठक

**भूमि पैमाईश से सम्बन्धित प्रकरणों का समय से निस्तारण के दिये निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद में विभिन्न विभागों की परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिया कि विगत तीन माह के निर्णित धारा-24 के वादों का शत प्रतिशत पैमाईश सुनिश्चित कराये। साथ ही कुर्रा से सम्बन्धित आख्या भी समय से उपलब्ध कराते रहे ताकि बटवारे से सम्बन्धित मामलों का भी समय से निस्तारण सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की आपदाओं में मृतक व्यक्तियों का तत्काल पोस्टमार्टम की कार्रवाई के साथ-साथ अन्य समस्त औपचारिकताएं त्वरित ढंग से सम्पन्न करे ताकि प्रभावित लोगों को शासन द्वारा अनुमन्य सहायता समय से उपलब्ध करायी जा सके। विभिन्न कार्यो के लिए खोदे गये गड्ढ़ो में बरसात के दिनों में पानी भर जाने से कई घटनाएं घटित हुई है। ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार करें कि गड्ढ़ो में न जाय और न ही बच्चों को जाने दे। बैठक के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, राजस्व निरीक्षक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## एनओसी के बगैर दुबई गये ग्राम विकास अधिकारी हुए निलम्बित

**बुर्ज खलीफा के सामने ली गई सेल्फी के वायरल होने पर हुई जांच**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात मो. अकदस द्वारा परीक्षा का हवाला देकर विभाग से अवकाश स्वीकृत कराया था। परन्तु उक्त अवकाश अवधि में विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किये बगैर मो. अकदस दुबई की सैर पर चले गये और वहां के विश्व प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा के सामने सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया। कतिपय समाचार-पत्रों में इस सम्बन्ध में खबर प्रकाशित होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। सीडीओ के निर्देश पर प्रकरण की जांच कर रहे जिला विकास अधिकारी राज कुमार ने बताया कि कार्यालय द्वारा 26 जून 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी कर सम्बन्धित कार्मिक से एक सप्ताह के अन्दर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

ग्राम विकास अधिकारी द्वारा 03 जुलाई को प्रस्तुत किये गये स्पष्टीकरण के सन्तोषजनक न पाये जाने तथा उच्चाधिकारियों को गुमराह करके परीक्षा अवकाश लेकर विभागीय अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किये बगैर विदेश जाने का आरोप तय करते हुए ग्राम विकास अधिकारी मो. अकदस के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित कर विकास खण्ड नवाबगंज से सम्बद्ध कर दिया गया है।

## रोड़ के किनारे खड़े युवक को तेज रफ्तार लोडर ने मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव के रहने वाला एक युवक बीती रात सड़क के किनारे खड़ा था। इसी दौरान एक लोडर चालक ने तेज रफ्तार होने के चलते उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अचलगंज थाने पहुंचकर हंगामा काटा। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और कार्रवाई का अश्वासन देकर मामले को शांत कराया। परिजनों ने लोडर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के झब्बा खेड़ा सैदपुर गांव के रहने वाले दुर्गा प्रसाद का बेटा कमलेश (30) रविवार की देर रात सड़क किनारे खड़ा था। आरोप है इसी दौरान गांव की रहने वाले संतोष ने तेज गति में लोडर से उसे जानबूझकर टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो वह सीधे अचलगंज थाना पहुंचे। उन्होंने हत्या का आरोप लगाकर रात में हंगामा काटा। पुलिस ने काफी देर तक मशक्कत के बाद किसी तरह परिजनों को समझाया बुझाया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा। मोर्चरी पहुंचे भाई सुरेश कुमार ने बताया कि संतोष से 4 दिन पहले ही विवाद हुआ था। कमलेश ने कहा था कि सड़क पर बच्चे निकलते है, धीमी गति में वाहन को निकाला करें। इस बात पर संतोष ने कहा कि यह सड़क आपकी नहीं है, वाहन हमारा है हम कैसे भी चलाएं। इसको लेकर दोनों के बीच गहमा-गहमी हुई थी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर अचलगंज थाना पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## 72 हजार नकली भारतीय नोटों के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सीमावर्ती प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव व चौकी इंचार्ज बाबागंज उपनिरीक्षक रामगोविन्द वर्मा मय हमराह पुलिस बल व गुप्त एजेंसियो द्वारा इण्डो नेपाल बार्डर के समीप आईसीपी रोड पर मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त कैलाश पुत्र रंगीलाल (40) निवासी मिरनपुरवा थाना मोतीपुर को गिरफ्तार किया गया। जिसकी तलाशी से 500 रुपए की 02 गड्डी मिली। बरामद गड्डी के नोटों को चेक किया गया तो प्रथम द्दष्टया सभी नोट जाली प्रतीत हो रहे थे। बरामद भारतीय जाली नोट को गहनता पूर्वक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी चिन्हों को चेक किया गया तो ज्ञात हुआ कि बरामद की गयी सभी पांच सौ रुपए के नोट जाली मुद्रा ही हैं। गड्डी को गिनने पर एक गड्डी में 100 नोट व दूसरी गड्डी में 44 नोट कुल 144 नोट (72 हजार रुपए जाली) बरामद हुए, जिनका सिरियल नंबर 9केडब्लू 119163 है कुल बहत्तर हजार 72 हजार रूपया भारतीय जाली मुद्रा है। पकड़ा गया अभियुक्त पिछले 06 महीनो से यह काम कर रहा था। इस संबंध में थाना रूपईडीहा पर मु0अ0सं0 364/2024 धारा 179/180 बीएनएस पंजीकृत किया गया।




## महिला अपने प्रेमी के साथ हुई रफूचक्कर पति ने दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत मात्र दो माह की नवविवाहिता ने अपने पूर्व प्रेमी के साथ शादी रचा फुर्र हो गयी। पीड़ित ने थाना बिहार की शरण ली है।

थाना बिहार क्षेत्र के लोनियनखेड़ा का निवासी सतीश कुमार पुत्र सुखेन्द्र बहादुर ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी। 18 अप्रैल 2024 को बिट्टो देवी पुत्री नरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम लोनियन खेड़ा मजरे मानपुर थाना बीघापुर के साथ हुयी थी। बिट्टो देवी का शादी के पहले से ही धर्मेन्द्र कुमार पुत्र जोखू निवासी ग्राम लोनियन खेड़ा मजरे मानपुर थाना बीघापुर जिला उन्नाव से प्रेम प्रसंग था।

उक्त प्रेम प्रसंग की बात छिपाकर मेरे साथ छल करने की नियत से बिट्टो देवी ने मेरे साथ विवाह कर लिया और विवाह के बाद 07 जुलाई 2024 को मनोज पुत्र लाला निवासी रमेशपुर निगोहा थाना चौबेपुर जनपद कानपुर देहात के साथ रात करीब 11 बजे मेरी माँ के समस्त जेवरात व बिट्टो देवी को दिये गये जेवरात और घर में रखे 137000/- रुपए लेकर चोरी से भाग गयी। सुबह उसके मायके जाकर पता किया तो वह अपने मायके भी नहीं पहुँची थी काफी खोजबीन के बाद पता चला कि बिट्टो देवी ने अपने प्रेमी उपरोक्त धर्मेन्द्र कुमार के साथ दिनाँक 16 जुलाई 2024 को उन्नाव के सब रजिस्ट्रार कार्यालय में दूसरा विवाह पंजीकृत करा लिया है और उक्त में धर्मेन्द्र कुमार के पिता जोखू व उसकी माँ बिटोला तथा नासिर पुत्र कल्लू निवासी ग्राम पनई बुजुर्ग थाना बिहार जिला उन्नाव व पुत्तीलाल पुत्र शिव प्रसाद निवासी 121 नासिर खेड़ा थाना कोतवाली सदर जिला उन्नाव व बिट्टो देवी के पिता नरेन्द्र सिंह व उसकी माता शान्ती देवी संलिप्त रहे है और समस्त जेवर व रूपया इन्ही लोगों ने हड़प लिया है। उक्त सम्बन्ध में पूछने पर सभी लोग गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहें है। प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश पांडेय ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है। सुसंगत मामलों में मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सीओ कैसरगंज संग कोतवाल ने बरसाए कांवरियों पर फूलं



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। सावन माह के मद्देनजर पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज अनिल कुमार सिंह ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह व तमाम पुलिस के जवानों के साथ काँवारियों के जत्थे पर फूल बरसा कर उनका स्वागत किया। जत्था कैसरगंज से जब निकला तो पुलिस के जवानों के साथ सीओ व प्रभारी निरीक्षक ने जमकर फूल बरसाए और कांवरियों को जलपान कराया और पानी भी पिलाया। लोगों के अनुसार इस पहल से लोगों में एक अच्छा पैगाम जाता है जिससे भाईचारा प्यार मोहब्बत अमन चैन शांति समाज में बरकरार रहे।

## राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के अध्यक्ष ने डीएम को दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राजकीय इंटर कॉलेज के एक शिक्षक पर छात्रों को पीटने का आरोप लगा है परिजनों ने इसकी शिकायत की तो शिक्षक ने उन्हें धमका कर भगा दिया। जिसके बाद राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के अध्यक्ष ने डीएम को लिखित शिकायत देकर शिक्षक पर कार्यवाही की मांग की है। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने अनुराग, आशीर्वाद, कृष्णा, रितिक, रतन के साथ डीएम को तहरीर देते हुए बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज चमरौली में पढ़ने वाले छात्रों को वहीं पर तैनात एक चौधरी शिक्षक के द्वारा बिना किसी कारण के अनैतिक रूप से मारने पीटने का आरोप लगाया है। बीते 21 जुलाई को प्रवेश के दौरान ही शिक्षकों ने सारे मानक पूरे होने के बाद किसी तरह दाखिला लिया था। उसके बाद से लगातार उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। परिजनों ने जब इसकी शिकायत की तो शिक्षक ने कहा है कि डीएम, सीएम किसी से भी शिकायत करो, मेरा कुछ होने वाला नहीं है। इसके बाद अब डीएम से मिलकर छात्रों के परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है और कहा कि शिक्षक के द्वारा की गई पिटाई से बच्चों को चोट भी आई है। उनके बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। कार्यवाही की मांग की है।

## डुमरियागंज ब्लॉक का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम

- रजिस्टर पूर्ण न होने पर जताई नाराजगी, बोले- 15 दिन के अंदर कार्य में लाएं सुधार

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर डीएम राजा गणपति आर डुमरियागंज ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। इसके बाद उन्होंने बीडीओ अमित सिंह से विभाग से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा। अभिलेख अपूर्ण होने और गड़बड़ी मिलने पर डीएम नाराज हो गए। उन्होंने बीडीओ को फटकार लगाते हुए 15 दिनों के भीतर सभी अभिलेखों को दुरुस्त करने की चेतावनी दी। डुमरियागंज ब्लॉक में पहुंचते ही डीएम राजा गणपति आर ने आईजीआरएस रजिस्टर, लेखा पटल को देखा गया। लेखा पटल में एफटीओ रजिस्टर, मस्टररोल पंजिका को देखा गया। इस दौरान मनरेगा योजना द्वारा ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। मनरेगा कार्यों में सत्यापन रिपोर्ट एवं सीआईबी बोर्ड नहीं लगा होने पर नाराजगी जाहिर की। डीएम ने निर्देश दिए कि पिछले दो माह में जो भी कार्य हुए हैं उन सभी कार्यों का सत्यापन कराकर रिपोर्ट देने और सीआईबोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा क्षेत्र पंचायतों के कार्यों का भी अवलोकन किया गया। केन्द्रीय वित्त एवं राज्य वित्त अनुदान पंजिका को देखा गया। वित्तीय रजिस्टर का मिलान न कराने के कारण डीएम द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई।

## अयोध्या में प्रेमी-प्रेमिका को उम्रकैद

**बेटी ने पिता की हत्या कराई, प्रेम संबंधों में बाधा बनने पर गला घोट दिया था**

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, अयोध्या में अपर जिला जज अशोक कुमार द्विवेदी ने प्रेमी और प्रेमिका को उम्रकैद की सजा सुनाई है। प्रेम संबंधों में बाधा बनने पर बेटी रंजू उर्फ मंजू ने प्रेमी रवि लोधी के साथ मिलकर पिता की रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दी थी। अपर जिला जज ने बेटी और उसके प्रेमी को दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। प्रत्येक पर 10 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। अपर जिला जज अशोक कुमार द्विवेदी की अदालत में हुआ है। घटना 20 मार्च 2021 की रात की है। चक्का मंजरे सरैठा की रहने वाली रंजू उर्फ मंजू का गांव के ही रवि लोधी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी रंजू के पिता दरबारी लाल को हो गई। यह जानकारी होने पर रंजू ने अपने पिता की हत्या की योजना बना डाली। घटना वाली रात फोन करके अपने प्रेमी रवि लोधी को बुलाया और दोनों ने मिलकर रस्सी से गला घोट कर उनकी हत्या कर दी। जानकारी होने पर इसकी रिपोर्ट मृतक के छोटे भाई मंसाराम ने रंजू और उसके प्रेमी के खिलाफ हत्या की धारा में लिखाई थी।

## अमरोहा में कावड़िया के नाम हुई हाइवे की एक लेन

- भीड़ बढ़ने पर दूसरी लाइन पर भी थम जाएगा ट्रैफिक, पुलिस बल तैनात

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा में सावन माह के दूसरे लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। ब्रजघाट से गंगा जल लेने के लिए हाइवे पर कावड़ियों की संख्या बढ़ने लगी है। हालांकि अभी हाइवे पर बरेली और रामपुर के कावड़िया नजर आ रहे है। कावड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए हाइवे की एक लेन कावड़ियां के नाम कर दी गई। जबकि दूसरी लेन पर ट्रैफिक वन-वे चल रहा है। हाइवे के सभी कट को बंद कर दिया गया है। भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अगर कावड़ियों की संख्या बढ़ती है, तो कल दूसरी लेन भी कावड़ियों के नाम कर दी जाएगी। साथ ही हल्के वाहनों को बदले मार्गो से निकाला जाएगा। दरअसल 29 जुलाई को सावन माह का दूसरा सोमवार है। अमरोहा की सीमा में शिव भक्त हरिद्वार और ब्रजघाट से गंगा जल लेकर निकलते है। अमरोहा के ब्रजघाट से बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, संभल, बदायूं, शाहजहापुर समेत आसपास के जिलों के कावड़िया जल लेने आते है। तीर्थ नगरी ब्रजघाट के हाइवे पर होने के चलते हाइवे पर रूट डायवर्जन प्लान लागू होता है।

# संक्षेप

## शिकायत देकर नाला साफ करवाये जाने की मांग की

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।बीते दिनों हुई बरसात से परमेश्वर तालाब पूरी तरह से भर गया है जिसका पानी नाला जाम होने के चलते नाले से न निकल के बस्ती में भरा हुआ है। वार्ड के लोगो ने अधिशाषी अधिकारी को शिकायत देकर नाला साफ करवाये जाने की मांग की है। कस्बे का वार्ड स.3 टेंडरी मोहाल जोकि परमेश्वर तालाब के पीछे बसा हुआ मोहल्ला है। परमेश्वर तालाब बीते दिनों हुई बारिश से पूरा भर गया है। जिसका ओवर पानी नाला जाम होने के चलते नही निकल पा रहा है बल्कि वापस होकर मोहल्ले में भर रहा है। जिसकी शिकायत वार्ड सभासद राबिया खातून, पंकज कुमार व राजेन्द्र ने अधिशाषी अधिकारी व अतिरिक्त एसडीएम अभिमन्यु कुमार से की है और बताया कि मोहल्ले की गलियों में पानी भरा होने से जीव जंतु घरों में घुस रहे है वही निकलने आदि की समश्या हो रही है साथ ही कच्चे मकान जमीदोष होने का खतरा बना हुआ है। वार्ड वासियो ने नाला साफ करवाये जाने की मांग की है।

## मेरठ में टोल मांगने पर दरोगा ने तानी पिस्टल

मेरठ, मेरठ में टोल प्लाजा पर टोल कर्मी के टोल मांगने पर पुलिसकर्मी ने पिस्टल तान दी। साथ ही अंजाम भुगतने की धमकी दी है। पूरा वाकया वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। अब सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं पीड़ित ने अपनी जान का खतरा बताते हुए पुलिस से न्याय मांगा है। कार चालक पुलिसकर्मी मवाना के बहसूमा थाने में तैनात बताया जा रहा है। गुरुवार रात पुलिसकर्मी अपनी पत्नी, बच्चों के साथ बहसूमा से मेरठ जा रहा था। रास्ते में मेरठ-बिजनौर स्थित एनएच-34 मेरठ-पौड़ी हाईवे टोल वाला नया टोल पड़ा। टोल कर्मियों ने पुलिसकर्मी की गाड़ी को रोका। टोल कर्मी द्वारा टोल टैक्स मांगने पर पुलिसकर्मी ने टोल देने से मना कर अपनी अंटी से पिस्टल निकाल ली। पुलिसकर्मी ने पिस्टल टोल कर्मी को दिखाते हुए धमकाया कि अंजाम देख लेना। पिस्टल देख टोल कर्मी डर गया। अब पीड़ित टोल कर्मी ने पूरा प्रकरण टोल मैनेजर भूपेंद्र सिरोही को बताया जिसके बाद टोल मैनेजर ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली और पूरी घटना को देखा। सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीरें देख दरोगा की गुंडई सामने आ गई। टोल मैनेजर ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी अपने अधिकारियों को बताई जिसके बाद पुलिसकर्मी ने वीडियो वायरल करने पर टोल कर्मियों को भुगत लेने की धमकी भी दी है।

## होटल में फंदे पर मिला युवक का शव

बुलंदशहर, बुलंदशहर में एक होटल में प्रेमी का शव लटका मिला। बताया जाता है कि युवक प्रेमिका के साथ होटल आया था। दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिसके थोड़ी देर बाद उसका शव लटका मिला। युवक के परिजनों ने प्रेमिका पर हत्या का आरोप लगाया है। शव मिलने के बाद होटल का स्टाफ भी फरार हो गया। पुलिस ने जांच की तो रूम से नमकीन के पाउच मिल हैं।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के सामूदायिक स्वास्थ केंद्र ठरापार के अधीक्षक सतीश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को ग्राम पंचायत अकुआपार में निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जहा 14 वर्ष से ऊपर की महिलाओं एवं पुरुषों का निशुल्क स्वास्थ परीक्षण किया गया है। सरकार द्वारा यह जांच शिविर हर वर्ग के लिए हैं जो भी जांच कराने में सक्षम नहीं हैं या अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहा हैं, वृद्ध हैं, बीमार हैं, उनका जांच गांव में शिविर लगा कर किया जा रहा हैं। जांच में बीपी, सुगर, चेस्ट एक्स रे, बलगम, और वजन, हाइट का रूटीन चैकप भी किया गया। शिविर में 140 लोगो ने अपने जांच कराया। जांच शिविर में जय कृष्णा एसटीएस, रामेन्द कुमार श्रीवास्तव डीएस, पवन पाण्डेय सीसी, श्याम मोहन शुक्ल रेडियोलॉजिस्ट, अरशद एसटीएलएस, प्रिया एलटी, बबली मोर्या सीएचओ, अंशिका पाल एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीरा सिंह, आशा कार्यकत्री उर्मिला यादव, रीमा यादव, अंजना मौर्या, पंचायत सहायक पूजा गुप्ता, संगम गुप्ता, ग्राम प्रधान गणेश चौधरी व अन्य ग्राम वासी मौजूद रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर 20 हजार रुपया हड़पा शिकायत

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र कररिया निवासी एक व्यक्ति को जालसाज ने विदेश भेजने के नाम पर 20 हजार रुपया हड़प लिया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के कररिया निवासी उस्मान अली। पुत्र हसमत का सम्पर्क भगौरा निवासी एक व्यक्ति से हुआ। उसने लड़के को दुबई भेजने के लिए झांसा दिया। और 60 हजार रुपए में सौदा तय हुआ झांसे में आकर पीड़ित ने 20 हजार रुपया दे दिया। शेष रुपया विदेश भेजने के बाद देने का सौदा तय हुआ। जालसाज ने पासपोर्ट, वीजा, टिकट दिखाकर युवक को दिल्ली एयरपोर्ट पर भेज दिया। जब युवक ने फोन किया तो जालसाज का फोन बंद था। युवक दिल्ली से वापस लौट आया। 15 माह से जालसाज दिया गया रुपया वापस करने का झांसा देता रहा। लेकिन वापस नही किया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। इस संदर्भ एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा की दोनो पक्ष थाने पर आए थे। समझौता कर चले गए।

# आईजीएल बिजनेस हेड ने अमेरिका में मक्का की खेती की ली जानकारी

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। यूपीडीए अध्यक्ष एवं आईजीएल के बिजनेस हेड एस.के. शुक्ल द्वारा मक्के की खेती के बारे में तकनीकी और उन्नत कृषि विधि की जानकारी के लिए यूपी डिस्टिलर्स एसोसिएशन के एक समूह को संयुक्त राज्य अमेरिका अपनी अध्यक्षता में लेकर गए थे। उन्होंने कई इथेनॉल फैक्ट्रियों, कृषि फार्मों, अनाज भंडारण गृह और एक डेयरी फार्म का दौरा किया। यूएस ग्रेन्स काउंसिल और यूपीडीए के बीच सहयोग से संभव हुई इस यात्रा का उद्देश्य मक्का की खेती में नवीनतम तकनीकों का एक साथ पता लगाना था। इसमें शामिल सभी लोगों के लिए यह एक शानदार अनुभव था। इस दौरे से प्राप्त जानकारियों से उत्तर प्रदेश के किसानों को अत्याधुनिक कृषि सुविधाओं जिनमें नवीनतम शंकर मक्के के बीज , सीड प्लांटर ,ड्रोन , उच्चतम सिंचाई के साधनों ,हार्वेस्टिंग के नवीन उपकरण , लूज मक्के के परिवहन के लिए आधुनिकतम उपकरणों और लूज मक्के के भंडारण के लिए ड्रायर को उपलब्ध कराने पर कार्य किया। इस दौरे में सुपीरियर इंडस्ट्रीज से मनीष अग्रवाल, लॉर्ड्स डिस्टिलरी से अमित झा, वेव डिस्टिलरी से एस एस सिंह एवं यूएस ग्रेन्स काउंसिल के निदेशक एशिया पैसिफिक रीस जे कैनेडी एवं अन्य लोग शामिल रहे।

# नई शिक्षा नीति की चौथी वर्षगांठ पर बच्चों को किया गया जागरूक




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के पूर्व विद्यालय पट्टी धर्मदास में नई शिक्षा नीति की चौथी वर्षगांठ पर बच्चों के जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ भारी संख्या में उसके अभिभावक गण भी मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रसाद यादव ने कहा कि- सरकार की नई शिक्षा नीति बहुत अच्छी है। इसमें सभी बच्चों की समान भागीदारी पर जोर दिया गया है। 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को राष्ट्रभाषा में पढ़ाया जाना या उसकी राज्य भाषा में पढ़ाया जाना सुनिश्चित किया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीराम यादव ने कहा कि बच्चे देश के कर्णधार होते हैं। उनके ज्ञान विज्ञान तथा कौशल से देश की सुरक्षा, समृद्धि तथा तरक्की सुनिश्चित होती है। बच्चों को जैसा बनाया जाएगा वैसा देश बनेगा । उक्त अवसर पर गोकर्ण शुक्ला, नितेश शुक्ला, सर्वेश शुक्ला, ध्रुव नारायण शुक्ला, देवी पांडेय, कन्हैया लाल, संतोष कुमार, राज वंत, अशोक कुमार, डा० राजा नरेन्द्र यादव, अमरेश निषाद समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पिपलेश्वर महादेव में गूंजे हर हर बम बम के जयकारे

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ महा रुद्राभिषेक

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के पावन अवसर पर जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत खजुरिहा गांव में स्थापित पिपलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में महा रुद्राभिषेक आयोजित किया गया कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्ति वरिष्ठ उप निरीक्षक विपिन बिहारी अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत पहुंचे भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने ज्ञान गंगा के अथाह सागर में गोते लगाए महारुद्राभिषेक के प्रमुख यजमान लेखपाल प्रशांत अवस्थी ने शपत्नीक एवं सपरिवार पिपलेश्वर महादेव का वैदिक पूजन करते हुए अभिषेक संपन्न किया वही शहस्त्रार्चन में भारी संख्या में मौजूद भक्त गणों ने अपनी अपनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए ओम नमः शिवाय का जय घोष किया महारुद्राभिषेक के समापन में कार्यक्रम के प्रमुख आचार्य पंडित गंगाधर शुक्ला समेत सह आचार्यों की टोली के साथ भक्तों ने भव्य आरती एवं श्रृंगार करते हुए भूत भावन भगवान शंकर से आशीर्वाद प्राप्त किया वही संपूर्ण दिवस मंदिर प्रांगण में हर हर बम बम के जयकारे गूंजते रहे इस मौके पर मंदिर प्रांगण के संरक्षक ज्वाला प्रसाद अवस्थी श्याम बिहारी शुक्ला सुभाष अवस्थी राम सजीवन प्रबल अवस्थी सत्यनारायण मिश्रा आशीष अवस्थी समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे ।

# कमतानाथ चित्रकूट जाने के लिए पैदल भक्तों का जत्था हुआ रवाना

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा, झांसी। ग्राम पंचायत वीरपुरा से चित्रकूट धाम कामतानाथ के लिए पैदल भक्तों का जत्था रवाना हुआ जिसमें समस्त ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।इस दौरान ग्राम प्रधान नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा समस्त भक्तजनों को तिलक लगाकर एवं छाता देकर रवाना किया गया। इस मौके पर निवर्तमान प्रधान जाहर सिंह पटेल, किशोरी पटेल, धर्मेश पटेल , शुक्ल दाऊ, अमान यादव बब्लू खान, कुलदीप पटेल, भज्जू पटेल, राघवेंद्र पटेल, राजू साहू, धर्मपाल पटेल, गोविंददास, ब्रजेश पांचाल, करन पटेल, मझले माते, आदि ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# तीन बच्चो की मां प्रेमी संग पहुंची थाने साथ जाने के लिए किया हंगामा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की तीन बच्चो की मां पड़ोस गांव के एक ग्वाला के साथ करीब 20 दिन पूर्व फरार हो गई थी। पत्नी के फरार होने पर पति ने थाने में शिकायत दर्ज कराया था। पुलिस के बुलाने पर वह अपने प्रेमी संग थाने में पहुंची। लोग समझौता कराने का प्रयास भी किया। लेकिन वह प्रेमी संग जाने के लिए हंगामा कर्ण लगी।

पुलिस ने बालिक होने का हवाला देते हुए दोनो को जाने दिया ।मिली जानकारी से पड़ोस गांव का ऐक ग्वाला महिला के घर पर दूध लेने जाता था। उसी दौरान दोनो में प्रेम प्रसंग हो गया। करीब 20 दिन पूर्व दोनो घर से फरार हो गए थे। पति पत्नी को खोज रहा था। उसे जानकारी मिली की दोनो गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर के पास किराए के मकान में रह रहे है। जानकारी मिलने पर पति थाने पहुंचा और युवक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को दिन में 11 बजे के करीब प्रेमी युगल थाने पर पहुंचा। लोग समझौता कराने का प्रयास किए। लेकिन महिला प्रेमी संग जाने के लिए हंगामा करने लगी। दोनो के बालिक होने दावा करते हुए पुलिस ने भी अपना हाथ खीच लिया। और प्रेमी युगल साथ चले गए। इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा की दोनो बालिक थे। पुलिस ने इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया।

# मेरठ में कूड़े के ढेर में मिली नवजात

- कुत्ते नोच रहे थे, रोने पर आवाज आने पर महिला ने बचाया, पुलिस ने सी.एच.सी में भर्ती कराया

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र में गांव खजूरी से एक दिल को दहला देने वाला मामला प्रकाश में आया है। जहां एक मां ने अपने जिगर के टुकड़े को कूड़े के ढेर पर फेंक दिया। नवजात को कूड़े के ढेर पर पड़ा देखकर कुत्ते नवतात बच्ची के पास पहुंच गए और नोचने लगे। नवजात बच्ची के रोने की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने नवजात को कूड़े के देर से उठाकर सीएचसी में भर्ती कर दिया है। उसके परिवार वालों की तलाश शुरू कर दी गई है। देर रात गांव खजूरी के निकट कूड़े के ढेर पर एक नवजात पड़ी चीख रही थी और कुत्ते मासूम के आसपास मौजूद थे। गांव वालों का तो ये भी कहना है कि कुत्ते मासूम को नौच रहे थे। नवजात के रोने की आवाज सुनकर एक महिला मौके पर पहुंची। कुत्तों को भगाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और नवजात को सीएचसी में भर्ती करा दिया। वहीं पुलिस ने चाइल्ड हेल्थ केयर सेंटर को भी सूचना दी।

चाइल्ड हेल्थ केयर सेंटर के कर्मचारी सीएचसी पहुंच गए हैं। और नवजात के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे है।

# बलरामपुर में जिला शिक्षा और अनुश्रवण समित की बैठक

## डीएम बोले – कमियों को करें दूर, छात्रों का नामांकन और उपस्थिति बेहतर करने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर, बलरामपुर में जिला शिक्षा और अनुश्रवण समित की बैठक की गई। जिसमें बलरामपुर डीएम ने परिषदीय विद्यालयों में छात्रों के नामांकन और उपस्थिति को और बेहतर करने के अधिकारियों को निर्देश दिया।

बलरामपुर डीएम पवन अग्रवाल ने विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत, पीएम श्री योजना, समेकित शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में अवस्थापन सुविधा, मध्याह्न भोजन, रसोइयों का मानदेय आदि की समीक्षा करते हुए बेहतर करने पर जोर दिया। डीएम ने मिशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर पर सभी परिषदीय विद्यालयों को संतृप्त किए जाने के तहत ऐसे विद्यालय जो एक या दो पैरामीटर पर



कम है। अभियान चलाकर सभी कमियों को दूर करते हुए सभी पैरामीटर पर संतृप्त किए जाने का निर्देश दिया। साथ ही स्कूल चलो अभियान के तहत सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराए जाने, किताबों का शत प्रतिशत वितरण करने का निर्देश दिया।

वहीं डीएम ने कहा कि एमडीएम के तहत सभी विद्यालयों में बच्चों को मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। यदि इसमें लापरवाही मिलती है तो सख्त कार्यवाही होगी।

साथ हीविद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने का निर्देश दिया।

### इस दौरान ये लोग मौजूद रहे

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मनरेगा का पैसा भुगतान न होने से नाराजगी

- विकासखंड अधिकारी से प्रधान बोले-पैसा पास होने पर ही काम होगा, सामाग्री भी नहीं मिल रहा बिना पैसे

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र मे मनरेगा द्वारा कराए जा रहे कार्यों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इससे मनरेगा में कार्य कर रहे मजदूरों का भुगतान भी सही समय पर नहीं किए जाने से नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी को देखते हुए ग्राम प्रधान संघ के रॉबर्ट्सगंज विकास खंड अध्यक्ष सुरेश शुक्ला के नेतृत्व में प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंप मनरेगा के लंबित भुगतान की मांग की। इस दौरान सदर विकास खंड अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने बताया कि एक वर्ष से मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराए गए कार्यों का सामग्री भुगतान कई ग्राम पंचायतों का नहीं हुआ है। भुगतान न होने से ग्राम प्रधानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आज सामग्री भुगतान के लिए शासन द्वारा पत्र आया है कि 1,50,000 के ऊपर का भुगतान नहीं किये जाने से प्रधान काफी दुःखी हैं और आगे कोई भी कार्य कराने में असमर्थ हैं। पुराने कार्यों में जो सामग्री प्रयोग हुई है उसका भुगतान न होने से सामग्री की आपूर्ति सप्लायर द्वारा नहीं की जा रही। अगर जुलाई माह तक बकाया भुगतान नहीं होता है तो सभी प्रधान आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा बनी तमाशा

## अज्ञात युवको ने केंद्र का उपहास कर वीडियो बनाकर किया सोसल

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर के अमौली विकासखंड में अजीबोगरीब घटना देखने को मिली जहां आगनवाड़ी शिक्षा क्षेत्र स्थान को कुछ अज्ञात युवको ने मजाक बना कर वीडियो बनाया और फिर शोसल मिडिया में वायरल कर दिया ।जानकारी के अनुसार बता दे की वायरल वीडियो अमौली विकास खण्ड मेंढ़ापाटी गाँव का बताया जा रहा है जबकि अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र इसकी पुष्टि नहीं करता वीडियो में कुछ अज्ञात युवक आगनवाड़ी केंद्र में एक युवक टीचर बन कर पढ़ा रहा है और तीन युवक हंस खेल कर पढ़ रहे है और मजाक मजाक में कमेंट कर वीडियो बना रहे है लेकिन केंद्र में ना ही कोई आगनवाड़ी कार्यकत्री दिख रही है और न ही बच्चे, केंद्र खाली पड़ा देख कर ये युवक शरारती ढंग से वीडियो बना रहे है उपस्थित आंगनबाड़ी में जिम्मेदार सभी नदारद होकर रामभरोसे छोड़ कर गायब रहे तो इधर कुछ अज्ञात लड़को ने बच्चों के शिक्षा मंदिर को मजाक बना डाला और विद्यालय से सभी जिम्मेदार ताला खोलकर नदारद दिख रहे है।

### क्या बोले जिम्मेदार

अमौली ब्लॉक सीडीपीओ अजय कुमार ने बताया की वायरल वीडियो की जाँच करा कर लापरवाही बरतने में तैनात आगनवाड़ी कार्यकत्री के ऊपर कार्यवाही की जायेगी।

# महिला ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

- मायके वालों ने हंगामा करते हुए लगाया हत्या का आरोप, पिता बोला- शरीर पर चोट के निशान

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन में रात उरई कोतवाली के मोहल्ला राजेंद्र नगर में 30 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मायके वाले मौके पर पहुंचे और मेडिकल कॉलेज में हंगामा करते हुए ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत का कारण स्पष्ट हो सके। प्रतीक द्विवेदी की पत्नी नेहा द्विवेदी ने शुक्रवार रात को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पति और अन्य परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर तुरंत मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नेहा के मायके वालों को सूचना मिलने पर वे ससुराल पहुंचे, पर वहां कोई नहीं मिला। इसके बाद वे मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां नेहा का शव रखा हुआ था। नेहा के पिता करुणानिधि ने आरोप लगाया कि नेहा का पति प्रतीक अक्सर उसके साथ मारपीट करता था, जिससे वह काफी परेशान रहती थी। शुक्रवार की शाम को भी प्रतीक ने मारपीट कर नेहा की हत्या कर दी और शव को फंदे पर लटकाकर आत्महत्या का रूप दे दिया। पिता का यह भी दावा है कि नेहा के शरीर पर चोट के निशान थे। करुणानिधि ने बताया कि नेहा की शादी नौ साल पहले हुई थी और उसका मायका माधौगढ़ क्षेत्र के ग्राम सरावन में है। उसका छह वर्षीय बेटा चीकू भी है। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार समझाने के बावजूद प्रतीक हमेशा शराब के नशे में रहता था। मेडिकल कॉलेज में जब नेहा के स्वजन ने हंगामा किया तो पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया।

## टैबलेट पाकर प्रफुल्लित हुई छात्राएं



**रानी सुषमा देवी महिला पी०जी० कॉलेज में हुआ टैबलेट का वितरण**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। रानी सुषमा देवी महिला पी०जी० कॉलेज के छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए पीजी के छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महाविद्यालय के कुल 146 परास्नातक की छात्राओं को टैबलेट वितरित किया गया। छात्राओं को टैबलेट प्रदान करते हुए प्राचार्या डॉ. पूनम सिंह ने अपने संबोधन में कहा की आज का समय तक्नीकी का है ऐसे में टैबलेट का सदुपयोग कर के सभी लोग अपने आप को भावी प्रतियोगी जीवन के लिए तैयार कर सकते हैं। छात्राओं ने टैबलेट पाकर खुश हो गई और छात्राओं में इससे उत्साह दिखाई दिया। प्राचार्या ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना किया।

# दिल्ली विधानसभा में सम्मानित हुए झाँसी के समाजसेवी डॉ. संदीप

**समासेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु डॉ० संदीप को भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से किया गया सम्मानित**

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**



झाँसी। दिल्ली विधानसभा के सभागार में भारत रत्न डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम ग्लोबल अवॉर्ड फाउंडेशन कॉन्क्लेव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रत्येक वर्ष डॉ० अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने का एक अंतर्राष्ट्रीय मंच है। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में देश-विदेश से कई हस्तियां सम्मिलित होती हैं साथ ही अप्रवासी भारतीयों को भी सम्मानित किया जाता है जो अन्य देशों में रहकर आर्थिक, सामाजिक या किसी अन्य रूप से भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। 27 जुलाई को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में झाँसी के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ० संदीप की पत्नी सपना सरावगी, पुत्र ऐश्वर्य सरावगी एवं पुत्री सिद्धी सरावगी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इमरान हुसैन (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं चुनाव) रहे। राम निवास गोयल (अध्यक्ष दिल्ली विधान सभा) की अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज कुमार (मध्य प्रदेश सासाराम), डॉ. माज़िन अल मसूदी (राजदूत अरब लीग), आले मोहम्मद इकबाल (दिल्ली के उप महापौर), लेसोथो के राजदूत थाबांग थोलुमो और चाड दूतावास से हिसैन उमर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुई तत्पश्चात आयोजकों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अद्भुत एवं अविस्मरणीय प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी व्यक्तित्वों को अतिथिगणों द्वारा मंच पर सम्मानित कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। आपको बता दें संदीप सरावगी संघर्ष सेवा समिति के माध्यम से बुंदेलखंड क्षेत्र में अनवरत रूप से समाजसेवा का कार्य कर रहे हैं जिसके लिए उन्हें देश, प्रदेश और अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा कि मुझे समाज सेवा की प्रेरणा अपने परिवार और संगठन के सदस्यों के सहयोग से मिलती है एक अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता किसी बड़े बदलाव के लिए संगठन की आवश्यकता होती है और जब बात समाजसेवा की हो तो आपका संगठन जितना सशक्त होगा आप समाज में उतना अच्छा कार्य कर पायेंगे।

## दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु चिन्हांकन कैम्प का किया जाएगा आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना से लाभान्वित किए जाने हेतु दिव्यांगजन विभाग एवं एल्मिको (भारत सरकार का उपक्रम) जीटी रोड कानपुर की ओर से चिन्हांकन कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप में दिव्यांगजन की सहायता के सभी प्रकार की कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु चिन्हित किया जाएगा। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि तहसील गौरीगंज अंतर्गत 5 अगस्त को विकासखंड गौरीगंज में, तहसील अमेठी अंतर्गत विकासखंड परिसर अमेठी में 06 अगस्त को, तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत दो कैंप लगाए जाएंगे जिसमें विकासखंड मुसाफिरखाना परिसर में 07 अगस्त को तथा विकासखंड जगदीशपुर परिसर में 8 अगस्त को तहसील तिलोई अंतर्गत 9 अगस्त को विकासखंड परिसर तिलोई में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक चिन्हांकन कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी दिव्यांग जनों को सूचित करते हुए बताया है कि निर्धारित तिथियां में अपने सभी अभिलेख दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, एक फोटो सहित निर्धारित तिथियों में अपना चिन्हांकन अवश्य कराएं ताकि आपकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए जा सके।

## सेवामित्र पोर्टल पर कराएं रजिस्ट्रेशन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सेवामित्र व्यवस्था के माध्यम से सामरिक विभिन्न सेवाएं जैसे-इलेक्ट्रीशियन इलेक्ट्रीकल वर्क्स, कारपेन्टर, पेन्टिंग, मैकेनिक, मैनपावर सर्विसेज, दूर एण्ड खेल्स एसी रिपेयर कम्प्यूटर मैकेनिक आदि घर बैठे प्राप्त कर सकते है। साथ ही सेवाप्रदाता फमेस एवं कुशल कामगार भी इस व्यवस्था के अन्तर्गत अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। इस सेवाओं का लाभ सेवामित्र पोर्टल शीद्रें३१.४स्त्र.ड्ढ५.ल्ल लाभ सेवामित्र पोर्टल अथवा सेवामित्र मोबाईल एप्लीकेशन या टोल फ्री कॉल सेन्टर न० 155330 के माध्यम से उठाया जा सकता है। सेवाभित्र व्यवस्था के अन्तर्गत कौशल प्राप्त युवाओं को सेवाप्रदाता एजेंसी के माध्यम से स्वावलम्बन के अवसर प्राप्त हो रहे है साथ ही इसमें डे-वर्क और प्रोजेक्ट वर्क के अन्तर्गत स्टार्टअप के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। सेवामित्र पोर्टल से सम्बन्धित जानकारी हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी अथवा टोल फ्री नं0 155330 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा जामो में किया गया पैदल गश्त



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। त्यौहार श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा आदि के दृष्टिगत आज अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा ह्लमिशन शक्तिह्न नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा जामो में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई ।इस मौके पर एसओ जामों विनोद कुमार सिंह मय फोर्स शामिल रहे

# डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया "श्रीकृष्ण कीर्ति" के नवीनतम अंक का लोकार्पण

**अमन लेखनी समाचार**



वृन्दावन ।गौशाला नगर क्षेत्र स्थित मयूर निकुंज आश्रम में श्रीकृष्ण कीर्ति फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित पत्रिका ₹श्रीकृष्ण कीर्ति₹ के नवीनतम अंक का लोकार्पण प्रख्यात साहित्यकार व ब्रज साहित्य सेवा मंडल के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया ।साथ ही उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण कीर्ति फाउंडेशन व श्रीकृष्ण कीर्ति पत्रिका की संस्थापिका भागवत विदुषी कीर्ति किशोरी के धर्म व अध्यात्म के अलावा समाजसेवा के क्षेत्र में भी अनेकों कीर्तिमान हैं ।उनके विभिन्न लोक कल्याणकारी कार्यो से असंख्य लोग लाभान्वित हुए हैं और हो रहे हैं ।साथ ही ₹श्रीकृष्ण कीर्ति₹ पत्रिका ब्रज संस्कृति का प्रचार-प्रसार समूचे विश्व में कर रही है ।जो कि अति प्रशंसनीय है। श्रीकृष्ण कीर्ति फाउंडेशन के महामंत्री व श्रीकृष्ण कीर्ति पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. सतेन्द्र जोशी (कृष्णाजी) ने कहा कि हमारा ट्रस्ट व हमारी पत्रिका निंबार्क संप्रदाय के प्रख्यात संत निकुंजवासी आचार्य कुंडल कृष्ण महाराज के आदर्शों पर चलने और उनके द्वारा अधूरे छोड़े गए कार्यों को पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है ।इसी उद्देश्य से हम सभी श्रीधाम वृन्दावन में बहुत शीघ्र हाई टैक पावन गौशाला एवं भव्य भक्त निवास का निर्माण कराने जा रहे हैं। इस अवसर पर भागवत विदुषी कीर्ति किशोरी, भागवताचार्य जयंती नन्दन शरण मयूर कृष्ण महाराज (प्रभुजी), डॉ. राधाकांत शर्मा, लाजपत राय बंसल, नवीन कृष्ण महाराज, उमेश बंसल, जगमोहन गर्ग आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## ओ लेवल तथा सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/ युवतियां करें ऑनलाइन आवेदन

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना को ऑनलाइन कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को भारत सरकार की अधिकृत संस्था ऊडएअउउ वर्तमान में ठकएछकळ से मान्यता प्राप्त कार्यरत संस्थाओं द्वारा ओ लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण तथा सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण की वेबसाइट ६६६.ड्ढड्ढेस्त्र४३ी१३१ल्लह्लॉ.४स्त्रशूं.ड्ढ५.ल्ल पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना है। उन्होंने योजना से संबंधित पात्रता की शर्तों के बारे में बताया कि कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी के अभिभावक की वार्षिक आय रुपए एक लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए, कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए इंटरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आवश्यक है, प्रशिक्षार्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, प्रशिक्षार्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो, ओ लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण की अवधि 1 वर्ष तथा सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण की अवध 3 माह होगी। अभ्यर्थियों द्वारा 05 अगस्त तक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करते हुए हार्ड कॉपी आवश्यक संलग्नकों जाति, आय तथा निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं शैक्षिक प्रमाण पत्र सहित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास भवन गौरीगंज के कार्यालय में जमा करना होगा। इस योजना की विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में प्राप्त किया जा सकता है।

## जनपद के खन्न पट्टा धारकों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

**पट्टाधारकों द्वारा सी0टी0ई0/सी0टी0ओ0 प्रमाण पत्र, पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र में उल्लिखित शर्तों का अनुपालन पूर्ण किये जाने का दिया गया निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**

मीरजापुर - जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार पट्टा धारको के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, खान अधिकारी, मीरजापुर, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सोनभद्र, खान निरीक्षक, खनिज विभाग, मीरजापुर एवं बन्द खनन पट्टा क्षेत्रों के पट्टेधारको द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में मुख्यतः राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा सम्पूर्णानन्द बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व अन्य में पारित आदेश से जनपद मीरजापुर में 39 खनन पट्टा प्रभावित है। उक्त के कम में मुख्य पर्यावरण अधिकारी (वृत्त-2), उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ के द्वारा 39 खनन पट्टा क्षेत्रों में पट्टाधारकों द्वारा सी0टी0ई0/सी0टी0ओ0 प्रमाण पत्र, पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र में उल्लिखित शर्तों का अनुपालन पूर्ण न किये जाने के कारण वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 यथासंशोधित की धारा-31ए के अन्तर्गत स्वीकृत खनन क्षेत्र में खनन संकिया का संचालन/उत्पादन को बंद किये जाने हेतु बंदी आदेश जारी किये गये है। खनन पट्टेधारकों के साथ जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर प्रकरण में विचार-विमर्श किया गया। विचार-विमर्श के दौरान सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सोनभद्र द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त 39 खनन पट्टों में से 02 खनन पट्टा क्षेत्रों के पट्टाधरको द्वारा सी0टी0ओ0 प्राप्त नहीं किया जा सका है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत कमरौली पुलिस द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया जागरूक



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में ह्लमिशन शक्तिह्न अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थाना कमरौली पुलिस द्वारा ब्राइट वे पब्लिक सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल कठौरा पर महिलाओं/बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर व जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया ।

## जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत

अमन लेखनी समाचार

जगदीशपुर अमेठी ।अज्ञात कारणो को लेकर किशोरी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया बेहोशी की हालत मे उसे सीएचसी जगदीशपुर मे भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित मोहब्बतपुर गांव निवासी सुनीता उम्र लगभग सोलह वर्ष जो अज्ञात कारणो को लेकर घर मे रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया जिसे परिजनो ने सीएचसी मे भर्ती कराया जहां उपचार चल ही रहा था कि उसने दम तोड दिया ।

# एनसीएल की अंतर्क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 हुई संपन्न

**प्रतियोगिता में टीम झिंगुरदा ने मारी बाजी, मुख्यालय रहा रनर अप।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। रविवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के खड़िया क्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में टीम चैंपियनशिप, एकल, युगल, वरिष्ठ वर्ग, सुपर वरिष्ठ वर्ष, महिला वर्ग इत्यादि श्रेणियों में मैच खेले गए। प्रतियोगिता में पुरुष व महिला श्रेणी में कुल 140 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में महाप्रबंधक (खड़िया) एम के अग्रवाल, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) राजेश चौधरी एनसीएल के जेसीसी सदस्य, परियोजना के विभागाध्यक्ष, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे इस प्रतियोगिता में एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं व इकाइयों से 13 टीमों ने भाग लिया। टीम चैंपियनशिप में झिंगुरदा परियोजना की टीम ने खिताब अपने नाम किया तथा मुख्यालय की टीम द्वितीय स्थान पर रही। टीम चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल मुकाबले में झींगुरदा क्षेत्र की टीम ने मुख्यालय की टीम को 3-2 से हरा कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। एकल प्रतियोगिता (पुरुष) में निर्मल मिश्रा (झिंगुरदा) प्रथम व मिराज अहमद (मुख्यालय) द्वितीय वहीं महिला वर्ग (एकल) में प्रिया स्वरूप (खड़िया) प्रथम व इन्दु बाला (मुख्यालय) से द्वितीय स्थान पर रहीं। युगल प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में रजत मलिक व निर्मल सिंह की टीम विजेता बनी। महिला वर्ग में इन्दु बाला एवं प्रिया स्वरूप की टीम ने डबल्स का खिताब अपने नाम किया। वही वरिष्ठ वर्ग में (45 वर्ष से अधिक) की एकल प्रतियोगिता में एमके पांडे (दूधीचुआ) प्रथम रहे। वरिष्ठ वर्ग (युगल) में एमके पांडे तथा श्री नौशाद आलम की टीम ने बाजी मारी। सुपर वरिष्ठ वर्ग (55 वर्ष से अधिक आयु) में एकल प्रतियोगिता में एमपी सिंह (ब्लॉक बी) प्रथम व के पी शर्मा (मुख्यालय) द्वितीय रहे प्रतियोगिता के आयोजन में खड़िया परियोजना एवं मुख्यालय के कल्याण विभाग का अहम योगदान रहा। गौरतलब है कि एनसीएल में कर्मियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कई अंतर्क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं जैसे एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल क्रिकेट, चेस, कैरम, बैडमिंटन इत्यादि का आयोजन किया जाता है

## अज्ञात बोलोरो ने मारकण्डे महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे कांवरियों को मारी टक्कर, दो की मौत, एक घायल

**अमन लेखनी समाचार**



गाजीपुर। बीती रात्रि करीब 09 बजे जनपद गाजीपुर थाना खानपुर क्षेत्रांतर्गत आजमगढ़ से बिहारीगंज डगरा जाने वाले रोड पर भभौरा नामक स्थान पर अज्ञात बोलेरो द्वारा मारकण्डे महादेव मन्दिर कैथी वाराणसी में जल चढ़ाने जा रहे कांवरियों को टक्कर मार दी गयी है। जिससे एक कांवरिया कौशल पुत्र लालबहादुर निवासी अमेदा थाना खानपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 15 वर्ष की मृत्यु हो गयी तथा दूसरा आदित्य राजभर पुत्र रविन्द्र राजभर निवासी अमेदा थाना खानपुर जनपद गाजीपुर गम्भीर रुप से घायल हो गया था ।जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी एवं सुन्दर राजभर पुत्र नरेश राजभर निवासी उधरा शिवका थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़ को इलाज हेतु ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर किया गया है। सूचना पर डॉ0 ओ0 पी0 सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र व पुलिस अधीक्षक द्वारा घायल से मिलकर उसके समुचित इलाज हेतु सम्बंधित को निर्देशित कर तत्काल घटनास्थल पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी ली गयी। तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संबंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिया गया ।

## सत्य, दया, न्याय, पुण्य एवं सहानुभूति ही मानवता के प्रमुख गुण हैं : जिला मंत्री राजेश तिवारी

**अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज। सत्य, दया, न्याय, पुण्य एवं सहानुभूति ही मानवता के प्रमुख गुण हैं यह अभिव्यक्ति एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने नवयुवक ऊजार्वान पत्रकार विजय शुक्ला से उनके निज निवास लालापुर बारा में कही ।स्पष्ट कराते चले जिला मंत्री एवं नवयुवक ऊजार्वान पत्रकार विजय शुक्ला के बीच बहुत ही गहरे घरेलू रिश्ते हैं ।सर्वप्रथम जिला मंत्री ने नवयुवक ऊजार्वान पत्रकार विजय शुक्ला के माता-पिता से आशीर्वाद प्राप्त किया ।जिला मंत्री एक अति विशिष्ट कार्य से लालापुर आए हुए थे ।जिला मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि लालापुर बारा का एरिया बहुत ही रमणीक पहाड़ों से घिरा हुआ है जिसमें बहुत वनस्पतियाँ एवं जड़ी-बूटियाँ भी मौजूद हैं जो मानव-समाज के लिए संजीवनी के समान हैं ।इन वनस्पतियों एवं जड़ी-बूटियों की रक्षा करना मनुष्य का परम कर्तव्य है और प्रत्येक जगह मानव जहाँ भी रहता है उसे वृक्षारोपण कर इस धरती को हरा-भरा बनाएं रखना चाहिए जिससे पर्यावरण- प्रदूषण पर नियंत्रण बना रहे और साथ ही साथ वर्षा-जल का भी संचालन बना रहे ।जिला मंत्री ने अपने आध्यात्म चक्षु के ज्ञान उत्सर्जित वाणी में वर्णन किया कि सत्य, दया, न्याय, पुण्य एवं सहानुभूति ही मानवता के प्रमुख गुण हैं।

## दहेज लेना या देना या दहेज के लिए उकसाना अपराध है

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया है कि दहेज लेना या देना या दहेज के लिए उकसाना दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के अन्तर्गत अपराध है, जिसके लिये 05 वर्ष तक की कैद अथवा 15000/- रू० या दहेज की रकम, जो भी अधिक हो, का जुमार्ने का प्राविधान है। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दहेज की मांग पर छः माह से दो वर्ष तक की जेल तथा 10000/- रू० जुमार्ने का प्राविधान है। विवाह के उपरान्त दोनों पक्षों द्वारा दिये गये उपहार की हस्ताक्षरित सूची एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी / जिला प्रोबेशन अधिकारी जनपद अमेठी के कार्यालय में प्रस्तुत की जायेगी। जनपद में दहेज से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु जनपद के दहेज प्रतिषेध अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी निकट रेलवे स्टेशन शिव महेश शैक्षिक संस्थान गौरीगंज जनपद अमेठी तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टाप सेन्टर गौरीगंज जनपद अमेठी सम्पर्क नं0-9565166009 तथा महिला हेल्प लाइन नं0-181 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त स्थानीय पुलिस थाने अथवा पुलिस हेल्प लाइन नम्बर 112 पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address**
**amanlekhaninews@gmail.com**



# करण जौहर ने वॉर फिल्मों से की तौबा

**मुंबई।** करण जौहर आने वाले दिनों में कई फिल्में दर्शकों के बीच पेश करेंगे। वह अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ भी एक फिल्म करने वाले थे। 'दोस्ताना 2' को लेकर उनके बीच विवाद हो गया था। इसके बाद खबर आई कि उनकी सुलह हो गई है और करण फिर कार्तिक के साथ काम करने वाले हैं। हालांकि, अब खबर आ रही है कि करण ने न सिर्फ कार्तिक, बल्कि सलमान खान अभिनीत फिल्म को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया है। करण ने संदीप मोदी के निर्देशन में बनने जा रही कार्तिक अभिनीत वॉर फिल्म को रोक दिया है। इसकी वजह यह है कि युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी देशभक्ति से सराबोर फिल्मों की भरमार है।

लाइफ Style

# तृप्ति

## अब करेंगी हॉलीवुड का रुख

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों सफलता के रथ पर सवार हैं। अब खबर है कि तृप्ति हॉलीवुड का रुख करने वाली हैं। खुद उन्होंने यह खुलासा किया है। तृप्ति ने जब से रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म 'एनिमल' में काम किया है, उनकी किस्मत को पंख लग गए हैं।

फिल्म 'बैड न्यूज' भी बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हालिया इंटरव्यू में तृप्ति ने कहा, मैं हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की योजना बना रही हूं। अगर मुझे वहां कोई छोटा सा किरदार भी मिलता है तो वो भी मेरे लिए मददगार साबित होगा, क्योंकि मुझे हॉलीवुड में कलाकारों के काम करने का तरीका पसंद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तृप्ति फिलहाल एक एजेंट की तलाश में है, जो हॉलीवुड में उनका प्रतिनिधित्व करे, जिससे उन्हें वहां काम मिलने में आसानी हो। इससे पहले तृप्ति ने एक इंटरव्यू में बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा को अपनी प्रेरणा बताया था। उन्होंने कहा था, बॉलीवुड में प्रियंका मेरी आदर्श हैं। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। उन्होंने कहा था, अपने देश को छोड़ कर दूसरे देश में जाना बड़ी बात है और उन्होंने तो दूसरे देश में जाकर फिर से अपने करियर की नई शुरुआत की है। मुझे प्रियंका बेहद हिम्मती इंसान लगती हैं। तृप्ति जल्द ही धनुष के साथ निर्देशक आनंद राय की अगली फिल्म में रोमांस करती दिखेंगी। वह कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म 'भूल भुलैया 3' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। 'एनिमल' का सीक्वल 'एनिमल पार्क' भी उनकी झोली में



हॉलीवुड मसाला



# रॉबर्ट डाउनी की फिर वापसी

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर मल्टीवर्स में खलनायक की भूमिका से वापसी कर रहे हैं। वह एवेंजर्सः डूम्सडे' से विक्टर वॉन डूम के रूप में लौट रहे है। इस खबर ने उनके फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। कैविन फैगी ने रॉबर्ट डाउनी जूनियर के डॉक्टर डूम के तौर पर वापसी करने का एलान सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2024 में किया है। एमसीयू में आयरन मैन की भूमिका के लिए मशहूर अभिनेता इस खबर के बाद फिर से सुर्खियों में आ गए हैं।



# पेरिस को बताया दुनिया का जादुई शहर...

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर अमेरिकन गायिका लेडी गागा ने हाल ही में, पेरिस ओलंपिक 2024 के उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति दी। उनकी इस परफॉर्मेंस की दुनियाभर में चर्चा हुई। हालांकि, उनकी इस प्रस्तुति के दौरान सामने आई तकनीकी खामियों के चलते कुछ लोगों द्वारा आलोचना भी की गई। इसी बीच, अब लेडी गागा ने अपनी ओर से बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने पेरिस ओलंपिक में अपनी परफॉर्मेंस को लेकर काफी कुछ साझा किया। लेडी गागा ने क्या कुछ कहा इसे जानने से पहले उनकी प्रस्तुति की आलोचना का कारण जान लेते हैं। दरअसल, कुछ लोगों ने यह शिकायत की थी कि जब लेडी गागा गा रही थी तो उस वक्त कुछ तकनीकी समस्या के कारण उनकी आवाज सही से सुनाई नहीं दे रही थी।




# 'कांतारा-2' का बजट अब दोगुना...

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' साल 2022 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई कीर्तिमान स्थापित किए थे और फिल्म को लोगों ने ऑस्कर तक का दावेदार बता दिया था। 'कांतारा' की सफलता के बाद ऋषभ ने 'कांतारा' के प्रीक्वल 'कांतारा ए लीजेंडः चैप्टर 1'की घोषणा की थी, जिससे उनकी पहली झलक भी सामने आ गई है। अब फिल्म की रिलीज को लेकर चर्चा है कि होम्बले फिल्म्स और ऋषभ का लक्ष्य 2025 की गर्मियों में 'कांतारा 2' को बड़े पर्दे पर लाना है। कहा जा रहा है कि पहला भाग 16 करोड़ में बना था तो दूसरे के बजट दोगुना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'कांतारा ए लीजेंडः चैप्टर 1' की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है।



# रणवीर ने किया नई फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि ब्लॉकबस्टर फिल्म 'उरी' के निर्देशक आदित्य धर बतौर निर्देशक दूसरी फिल्म लेकर आने वाले हैं। उनकी इस फिल्म से जुड़ीं तमाम जानकारियां सामने आई थीं। यह वही फिल्म है, जिसमें रणवीर सिंह और संजय दत्त समेत कई कलाकार पर्दे पर साथ नजर आएंगे। अब आखिरकार इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा हो गई है। निर्देशक समेत फिल्म के सभी कलाकारों ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। हालांकि इस फिल्म का नाम अभी सामने नहीं आया है। इसमें रणवीर के साथ पहली बार पर्दे पर आर माधवन, संजय दत्त, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और जियो स्टूडियो इसके प्रोडक्शन की कमान संभाल रहा है।

टीवी मसाला



# कुश शाह यानि गोली ने छोड़ा 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोटे पर्दे का सबसे लोकप्रिय और सबसे लंबे समय तक चलने वाले धारावाहिकों में से एक है। हालांकि, पिछले कई साल से कुछ कलाकार लगातार शो को छोड़कर जा रहे हैं। अब 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में गोली की भूमिका निभाकर घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता कुश शाह ने यह शो छोड़ दिया है। वह पिछले 17 साल से गोली का किरदार निभाकर दर्शकों का मनोरंजन कर रहे थे। कुश ने कहा, जब ये शो शुरू हुआ था, जब आप और मैं पहली बार मिले थे, मैं बहुत छोटा था। तब से आपने मुझे बहुत प्यार दिया है और इस परिवार ने मुझे उतना ही प्यार दिया है जितना आपने मुझे दिया है। मैंने यहां बहुत सारी यादें बनाई हैं। मैंने अपना बचपन यहां बिताया है। मैं निर्माता असित कुमार मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने मुझ पर इतना भरोसा किया। मैं आज कुश गोली बन गया। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की लोकप्रियता की किसी से छिपी नहीं है। यह शो पिछले कई वर्षों से लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। हालांकि, पिछले काफी समय से 'दयाबेन' का किरदार निभाने वालीं अभिनेत्री दिशा वकानी की गैरमौजूदगी को लेकर दर्शक निराश हैं।

## 'खतरों के खिलाड़ी 14' का प्रोमो वीडियो जारी

**मुंबई।** रोहित शेट्टी का स्टंट पर आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खलिाड़ी' अपने नए सीजन के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लौट रहा है। इस बार कृष्णा श्रॉफ, अभिषेक कुमार, आसिम रियाज, सुमोना चक्रवर्ती, शिल्पा शिंदे, आशीष मेहरोत्रा, निमृत कौर अहलूवालिया और शालिन भनोट के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलने वाली है। अब निर्माताओं ने 'खतरों के खिलाड़ी 14' का प्रोमो वीडियो जारी कर दिया है, जो हॉरर और कॉमेडी से भरपूर है। 'खतरों के खिलाड़ी 14' का प्रीमियर कल यानी 27 जुलाई से कलर्स टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर होने जा रहा है। इस शो को आप हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे देख सकते हैं।



# 'बंदा' और 'भैया जी' की टीम फिर आई साथ...

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी को आखिरी बार फिल्म 'भैया जी' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। यह फिल्म 26 जुलाई जी5 पर रिलीज हो गई है। अब मनोज की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। यह एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है, जिसके लिए 'बंदा' और 'भैया जी' की टीम एक बार फिर से साथ आई है।मनोज की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म के निर्देशन की कमान अपूर्व सिंह कार्की ने संभाली है, वहीं मनोज की पत्नी शबाना रजा बाजपेयी इस फिल्म का निर्माण विक्रम खाखर के साथ मिलकर कर रही हैं। मनोज की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म की घोषणा शबाना के जन्मदिन पर की गई है। इस कोर्टरूम ड्रामा फिल्म के शीर्षक से अभी पर्दा नहीं उठा है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म अगले साल तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।



# ओलंपिक एथलीट से अभिनेता बने थे प्रवीण कुमार सोबती

**मुंबई।** पेरिस ओलंपिक का आगाज हो गया है, जिसमें 208 देशों के 10,714 एथलीटों कुल 5,084 पदकों के लिए मुकाबला करेंगे। इस बार भारत ने 110 से अधिक खिलाड़ियों का दल खेलों में हिस्सा लेने के लिए भेजा गया है। आइए इस खास मौके पर हम आपको एथलीट प्रवीण कुमार सोबती के बारे में बताते हैं, जिन्होंने पहले ओलिंपिक में भाग लिया और बाद में अभिनेता बन गए।

***प्रवीण ने हासिल की ये उपलब्धियां :***

प्रवीण का जन्म 6 दिसंबर, 1947 को हुआ था। उनकी शुरू से ही खेल में रुचि थी। प्रवीण 60 और 70 के दशक में भारत के मशहूर एथलीट में से एक थे। उन्होंने 1966 और 1970 के एशियाई खेलों में डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीता था। वे 1966 के राष्ट्रमंडल खेलों और 1974 के एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता थे। उन्होंने 1968 और 1972 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भी भाग लिया था। हालांकि, पदक नहीं जीत पाए।



### दिल का दौरा पड़ने के कारण हुआ निधन

प्रवीण का जन्म पंजाब के अमृतसर के पास सरहली गांव में हुआ था। 7 फरवरी, 2022 को दिल्ली में इस बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व का 74 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया था।

### ऐसा रहा प्रवीण का फिल्मी सफर

खेलों से विदाई लेने के बाद प्रवीण ने अभिनय की तरफ रुख किया। उन्होंने जितेंद्र और परवीन बॉबी की फिल्म 'रक्षा' (1982) से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने 'हमसे है जमाना', 'युद्ध', 'लोहा', 'शहनशाह', 'मिट्टी और सोना', 'आज का आर्जुन', 'जान' और 'अजय' सहित बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया। हालांकि, प्रवीण को पहचान मशहूर पौराणिक धारावाहिक 'महाभारत' से मिली। उन्होंने 1988 में इस शो में भीम का किरदार किया था।

'भाग मिल्खा भाग' महान धावक मिल्खा सिंह की जीवनी

# ओलंपिक में फतह हासिल करने वाले खिलाड़ियों पर बनी हैं बॉलीवुड फिल्में

***मुंबई।** पेरिस ओलंपिक 2024 का आगाज 26 जुलाई से हो गया। हर बार की तरह इस बार भी भारतीय एथलीटों से देश को काफी उम्मीद है। उधर एथलीटों की निगाहें हमेशा की तरह अपने-अपने देश के लिए पदक जीतने पर होंगी। इसी कड़ी में आज हम आपको उन हिंदी फिल्मों के बारे में बताने वाले हैं, जो एथलीटों की प्रेरणादायी कहानी पर्दे पर लाती हैं या जो खेलों में फतह हासिल करने वाले खिलाड़ियों पर बनी हैं।*

### 'चंदू चैंपियन'

शुरुआत 'चंदू चैंपियन' से ही करते हैं, क्योंकि खिलाड़ियों के जीवन पर बनी इस फिल्म की रिलीज को अभी ज्यादा वक्त नहीं हुआ है। भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर यह फिल्म आधारित है, जिसे दर्शकों से बढ़िया प्रतिक्रिया मिली। हालांकि, फिल्म से कहीं ज्यादा लोगों को इसमें कार्तिक आर्यन के काम ने प्रभावित किया। पेटकर ने 1972 के पैरालंपिक में 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में स्वर्ण पदक हासिल किया था।



### 'मैरी कॉम'

साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'मैरी कॉम' में प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिका में थीं। फिल्म की कहानी भारतीय महिला मुक्केबाज मैरी कॉम की है। इसका निर्देशन ओमंग कुमार ने किया था। मैरी कॉम के सफर को प्रियंका ने बखूबी पर्दे पर उतारा था। नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म उपलब्ध है। साल 2012 में मैरी कॉम ने लंदन में हुए ओलंपिक्स में मुक्केबाजी में महिलाओं के 51 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था।






### 'मैदान'

अजय देवगन की पिछली फिल्म 'मैदान' को भले ही सिनेमाघरों में उतने दर्शक नसीब नहीं हुए, लेकिन इसकी कहानी किसी में भी जोश भर दे। यह कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की है, जिन्होंने कैंसर से जूझते हुए देश को एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक दिलाया था। हालांकि, वे ओलंपिक में टीम को पदक नहीं दिला सके और 1956 के ओलंपिक में टीम चौथे स्थान पर रही थी। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

### 'भाग मिल्खा भाग'

2013 में आई फिल्म 'भाग मिल्खा भाग' भारत के महान धावन मिल्खा सिंह की जिंदगी पर बनी है। इसमें फरहान अख्तर नजर आए थे। मिल्खा भारत के लिए राष्ट्रमंडल खेलों में पहले स्वर्ण पदक विजेता भी थे। एशियाई खेलों में उन्होंने 4 बार स्वर्ण पदक भी जीता था। हालांकि, वे भी ओलंपिक में पदक नहीं जीत पाए और 1960 के ओलंपिक खेलों में 400 मीटर दौड़ में चौथे स्थान पर रहे थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म मौजूद है।

